मंगलवार, 17 दिसम्बर 2024

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 27 – 15 |
| आर्द्रता | 66% |
| सूर्योदय: 6:11 | सूर्यास्त: 16:56 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, पौष कृष्णपक्ष द्वितीया, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



'एक परिवार के हित' में संविधान संशोधन करती रहीं कांग्रेस की सरकारें: सीतारमण –पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ दो, तीन, चार और पांच पर

सुविचार : जब तक हम स्वयं नहीं महकेंगे तब तक दूसरों को कैसे महकायेंगे।



JAISWAL INDUSTRIAL PARK PHASE I & II

COMPLETE COMMERCIAL PLOTS AVAILABLE WITH FILLING AND BOUNDARY

JUST 3 MINS FROM DANKUNI HOUSING

CALL: 7003982830 email: udgeethdevelopers@gmail.com

DIVYANSH JAISWAL

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# विजय दिवस : कोलकाता में भव्य मिलिट्री टैटू में दिखा भारतीय सेना का पराक्रम

## सेना के जांबाजों ने हैरतअंगेज करतब दिखा किया मंत्रमुग्ध



### मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी समारोह में रही मौंजूद

**कोलकाता, समाज्ञा :** 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर मिली ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में 53वें विजय दिवस के मौके पर सोमवार को सेना के पूर्वी कमान मुख्यालय द्वारा कोलकाता के रॉयल कलकत्ता टर्फ क्लब (आरसीटीसी) ग्राउंड में आयोजित भव्य मिलिट्री टैटू में सेना के जांबाजों ने हैरतअंगेज प्रदर्शन कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान, हेलीकॉप्टर शो से लेकर घोड़ा दौड़, डॉग शो, मार्च पास्ट, मोटरसाइकिल करतब आदि का प्रदर्शन कर 1971 के पराक्रमी योद्धाओं को श्रद्धांजलि दी गई। सेना ने मिलिट्री टैटू के जरिए अपनी शौर्य व पराक्रम का परिचय दिया। फ्लाई पास्ट में शामिल सेना व वायुसेना के लड़ाकू विमानों व हेलीकॉप्टरों ने आसमान का सीना चीरते हुए हैरतअंगेज कारनामे कर वहां जुटे हजारों लोगों की भीड़ को दांतों तले अंगुली दबाने पर विवश कर दिया। घोड़ा दौड़ व सेना की डेयरडेविल्स टीम द्वारा खतरनाक तरीके से मोटरसाइकिलों पर सवार होकर हैरतअंगेज करतब भी खासा आकर्षण का केंद्र रहा। लड़ाकू विमानों और हेलीकाप्टरों के साथ-साथ 12,000 फीट से नीचे उतरने वाले स्काई डाइवर्स की लुभावनी सटीकता के साथ फ्लाई पास्ट को देखकर भी दर्शक आश्चर्यचकित रह गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मौजूद रहीं। यह पहली बार है जब ममता ने सेना के आमंत्रण पर विजय दिवस के किसी समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान, ममता ने भारतीय सेना के पराक्रम की जमकर सराहना की। इस अवसर पर पूर्वी सेना कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी के अलावा तीनों सेनाओं के वरिष्ठ अधिकारियों व अन्य गणमान्य लोगों सहित पूर्वी कमान के आमंत्रण पर विजय दिवस समारोह में भाग लेने आए बांग्लादेशी मुक्ति योद्धाओं व उनके परिवार के सदस्य आदि कार्यक्रम के गवाह बने। सेना की विभिन्न टुकडियों के अद्भूत प्रदर्शन से पूरा समारोह स्थल तालियों की गडगड़ाहट व भारत माता की जय के उद्घोष से गूंज उठा।

### बांग्लादेश की आजादी में भारत और पश्चिम बंगाल की भूमिका कभी नहीं भूलेंगे : ममता



मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि वह बांग्लादेश की आजादी के लिए 1971 की लड़ाई में भारत और पश्चिम बंगाल द्वारा निभाई गई भूमिका को कभी नहीं भूलेंगी। इस दिन, ममता बनर्जी ने सशस्त्र बलों द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'मिलिट्री टैटू' में हिस्सा लिया और 1971 के युद्ध में अदम्य साहस का परिचय देने वाले भारतीय सशस्त्र बलों के जवानों को श्रद्धांजलि दी, जिनकी वजह से बांग्लादेश का एक स्वतंत्र राष्ट्र के तौर पर उदय हुआ। इस मौके पर, उन्होंने कहा कि मैं बांग्लादेश की स्वतंत्रता के आंदोलन में भारत और पश्चिम बंगाल की भूमिका को कभी नहीं भूलूंगी। ममता ने याद दिलाया कि किस प्रकार भारतीय लोगों ने 1971 में तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान में बंगाली जनता को सहायता प्रदान की थी तथा लगभग एक करोड़ शरणार्थियों को शरण दी थी। उन्होंने कहा कि चूंकि, मुझे वर्तमान स्थिति की जानकारी नहीं है, इसलिए मेरे लिए इस बारे में कुछ भी कहना उचित नहीं होगा।

# आज संसद में पेश हो सकता है 'एक देश एक चुनाव' बिल

## बीजेपी ने सांसदों को सदन में रहने के लिए जारी किया व्हिप

**नई दिल्ली:** 'वन नेशन, वन इलेक्शन' बिल को लेकर देश में चल रही सियासत के बीच बीजेपी ने अपने लोकसभा सांसदों के लिए व्हिप जारी किया है। माना जा रहा है कि लोकसभा में मंगलवार को 'वन नेशन, वन इलेक्शन' बिल पेश हो सकता है। लोकसभा में बीजेपी के मुख्य सचेतक डॉ. संजय जायसवाल ने पत्र जारी करते हुए सभी सांसदों को मंगलवार को लोकसभा में उपस्थित रहने के लिए कहा है।

### बीजेपी ने सभी सांसदों को सदन में मौजूद रहने को कहा

इस पत्र में कहा गया है कि भारतीय जनता पार्टी के सभी लोकसभा सांसदों को सूचना दी जाती है कि लोकसभा में कुछ अति महत्वपूर्ण विधायी कार्य चर्चा एवं पारित करने के लिए मंगलवार को लाए जाएंगे। भाजपा के सभी लोक सभा सदस्यों से निवेदन है कि वह मंगलवार को पूरे समय सदन में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर सरकार के पक्ष का समर्थन करें।

# प्रसिद्ध तबला वादक जाकिर हुसैन का निधन

**दिल्ली/मुंबई/कोलकाता :** प्रसिद्ध तबला वादक जाकिर हुसैन का अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में एक अस्पताल में निधन हो गया। उनके परिवार ने सोमवार को यह जानकारी दी। परिवार ने एक बयान में कहा कि हुसैन की मृत्यु फेफड़े संबंधी समस्या ''इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस'' से उत्पन्न जटिलताओं के कारण हुई। वह 73 वर्ष के थे। हुसैन पिछले दो सप्ताह से अस्पताल में भर्ती थे। उनकी हालत बिगड़ने के बाद उन्हें आईसीयू में रखा गया था। हुसैन की बहन खुर्शीद औलिया ने कहा कि उन्होंने ''सुकून के साथ अंतिम सांस'' ली। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''वेंटिलेशन मशीन बंद किए जाने के बाद उन्होंने सुकून के साथ अंतिम सांस ली। सैन फ्रांसिस्को के समय के अनुसार, तब शाम के चार बजे थे।'' प्रसिद्ध तबला वादक उस्ताद अल्ला रक्खा के पुत्र जाकिर हुसैन का जन्म नौ मार्च 1951 को हुआ था। उन्हें उनकी पीढ़ी के सबसे महान तबला वादकों में से एक माना जाता है। उनके परिवार में उनकी पत्नी एंटोनिया मिनेकोला और उनकी बेटियां अनीशा कुरैशी और इज़ाबेला कुरैशी हैं। परिवार की ओर से जारी बयान में कहा गया है, ''वह दुनिया भर के अनगिनत संगीत प्रेमियों द्वारा



संजोई गई एक असाधारण विरासत छोड़ गए हैं, जिसका प्रभाव आने वाली पीढ़ियों तक बना रहेगा।'' छह दशकों के अपने करियर में, हुसैन ने कई प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय और भारतीय कलाकारों के साथ काम किया, लेकिन गिटारवादक जॉन मैकलॉघलिन, वायलिन वादक एल शंकर और तालवादक टीएच 'विक्कू' विनायक्रम के साथ 1973 में भारतीय शास्त्रीय संगीत और पश्चिमी जैज संगीत के तत्वों के उनके संलयन को काफी सराहा गया। हुसैन ने मात्र सात वर्ष की आयु से ही तबले पर हाथ आजमाना शुरू कर दिया था और आगे चलकर उन्होंने पंडित रविशंकर, अली अकबर खान और शिवकुमार शर्मा जैसे दिग्गजों सहित भारत के लगभग सभी प्रतिष्ठित संगीत कलाकारों के साथ काम किया।

### तबला जादूगर जाकिर हुसैन का निधन संगीत जगत के लिए बड़ी क्षति: राष्ट्रपति मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रसिद्ध तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन के परिवार के सदस्यों और उनके असंख्य प्रशंसकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए सोमवार को कहा कि उनका निधन संगीत की दुनिया के लिए बहुत बड़ी क्षति है।

### तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन के निधन पर ममता ने जताया शोक

कोलकाता, समाज्ञा : प्रसिद्ध तबला वादक जाकिर हुसैन के निधन पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शोक व्यक्त किया है। सोमवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में लिखा कि उनका अचानक चले जाना एक अपूरणीय क्षति है। वह अब तक के सर्वश्रेष्ठ तबला वादक हैं। उनका निधन इस देश के लिए भारी क्षति है। पूरी दुनिया में उनके लाखों प्रशंसक हैं। ममता ने दिवंगत तबला वादक के मित्रों और परिवार के साथ-साथ उस महान कलाकार के प्रशंसकों के प्रति अपनी गहरी संवेदना की है।

### भारत और चीन के विशेष प्रतिनिधि कल बीजिंग में वार्ता करेंगे: चीनी विदेश मंत्रालय

**बीजिंग :** पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के सैनिकों के पीछे हटने के लिए 21 अक्टूबर को हुए समझौते के बाद द्विपक्षीय संबंधों की बहाली पर चर्चा के लिए दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधि बुधवार को यहां मिलेंगे। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने सोमवार को यहां बताया कि सहमति के अनुरूप केंद्रीय विदेश आयोग के कार्यालय के निदेशक वांग यी और भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल 18 दिसंबर को बीजिंग में 'चीन-भारत सीमा विवाद' के लिए विशेष प्रतिनिधियों की 23वीं बैठक करेंगे। ज्ञात सूत्रों के अनुसार, डोभाल महत्वपूर्ण वार्ता में भाग लेने के लिए मंगलवार को यहां पहुंचेंगे, जिससे दोनों देशों के बीच संबंधों को सामान्य बनाने के लिए आगे बढ़ने का रास्ता मिलने की उम्मीद है। भारत-चीन सीमा विवाद को निपटाने के लिए विशेष प्रतिनिधियों के इस तंत्र ने पिछले कुछ वर्षों में 22 बार बैठकें की हैं। इस तंत्र का गठन 2003 में किया गया था। विशेष प्रतिनिधियों की यह बैठक पांच साल के अंतराल के बाद होगी। पिछली बैठक 2019 में हुई थी। हालांकि सीमा विवाद को सुलझाने में सफलता नहीं मिली, लेकिन दोनों पक्षों के अधिकारी इसे दोनों देशों के बीच बार-बार होने वाले तनाव को दूर करने में एक बहुत ही आशाजनक, उपयोगी और आसान उपकरण मानते हैं।

# सेना की खुफिया टीम ने कोलकाता एयरपोर्ट से चार भगोड़े सैनिकों को किया गिरफ्तार

### पोंजी मार्केटिंग स्कीम के झांसे में आकर सेना की नौंकरी छोड़ दी थी

**कोलकाता, समाज्ञा :** एक महत्वपूर्ण कार्रवाई में सेना की मिलिट्री इंटेलिजेंस (खुफिया इकाई) द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर सेना के चार भगोड़े जवानों को दुबई से लौटते समय सोमवार को कोलकाता एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद एयरपोर्ट थाने की पुलिस ने आगे की कार्यवाही के लिए चारों भगोड़े सैनिकों को सेना की मिलिट्री इंटेलिजेंस टीम के हवाले कर दिया है। गिरफ्तार सैनिकों की पहचान सिपाही प्रबीन राज, सिपाही अजय ठाकुर, नायक बी राजेश व सिपाही साहिबुल एसके के रूप में हुई है। इन पर आरोप है कि इन्होंने क्यूनेट नामक एक बहु-स्तरीय मार्केटिंग (एमएलएम) स्कीम के झांसे में



आकर अपनी सेना की ड्यूटी छोड़ दी। क्यूनेट एक कुख्यात पोंजी स्कीम है। सूत्रों के अनुसार, क्यूनेट ने इन सैनिकों को आकर्षक भुगतान का लालच दिया, जिसमें निवेश करने पर भारी मुनाफे का वादा किया गया था। इन सैनिकों ने आसान पैसा कमाने के चक्कर में अपनी सेना की नौकरी छोड़ दी, जिससे उन्होंने सेवा नियमों का उल्लंघन किया। क्यूनेट पहले से ही अपने अनैतिक कार्यों और पोंजी स्कीम के ढांचे के लिए जांच के दायरे में है, जो अक्सर प्रतिभागियों को वित्तीय नुकसान पहुंचाती है। सेना की खुफिया इकाई पिछले कुछ महीनों चारों जवानों की गतिविधियों पर नजर रखे हुए थे। जैसे ही उनके भारत लौटने की जानकारी मिली, एयरपोर्ट पर एक समन्वित अभियान चलाकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार व्यक्तियों को सैन्य पुलिस को सौंप दिया गया है और उनके खिलाफ कोर्ट-मार्शल की कार्रवाई होने की संभावना है।

# मस्जिद में जय श्री राम का नारा लगाना अपराध कैसे : सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को पूछा कि 'जय श्री राम' का नारा लगाना कैसे आपराधिक कृत्य है। न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। इस याचिका में कर्नाटक उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें मस्जिद के अंदर कथित तौर पर जय श्री राम का नारा लगाने के लिए दो व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही 13 सितंबर को रद्द कर दी गई थी। शिकायतकर्ता हैदर अली सी एम द्वारा दायर याचिका पर पीठ ने पूछा, वे एक विशेष धार्मिक नारा लगा रहे थे या नाम ले रहे थे। यह अपराध कैसे है? शीर्ष न्यायालय ने शिकायतकर्ता से यह भी पूछा कि मस्जिद के अंदर आकर कथित तौर पर नारे लगाने वाले व्यक्तियों की पहचान कैसे की गई। पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता देवदत्त कामत से पूछा, आप इन प्रतिवादियों की पहचान कैसे करते हैं? आप कहते हैं कि वे सभी सीसीटीवी की निगरानी में हैं। पीठ ने पूछा, अंदर आने वाले व्यक्तियों की पहचान किसने की? कामत ने कहा कि उच्च न्यायालय ने कार्यवाही रद्द कर दी, जबकि मामले में जांच पूरी नहीं हुई थी। पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय ने पाया कि आरोप भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 503 या धारा 447 के प्रावधानों से संबंधित नहीं है। आईपीसी की धारा 503 आपराधिक धमकी से संबंधित है, जबकि धारा 447 अनधिकार प्रवेश के लिए दंड से संबंधित है। जब पीठ ने पूछा, क्या आप मस्जिद में प्रवेश करने वाले वास्तविक व्यक्तियों की पहचान कर पाए हैं? तो कामत ने कहा कि राज्य पुलिस इसके बारे में बता पाएगी।

# भारत, श्रीलंका ने रक्षा, ऊर्जा एवं व्यापारिक संबंधों को विस्तार देने का निर्णय लिया

**नयी दिल्ली :** भारत और श्रीलंका ने अपनी साझेदारी को विस्तार देने के लिए सोमवार को भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण अपनाते हुए रक्षा सहयोग समझौता को जल्द अंतिम रूप देने का संकल्प लिया और बिजली ग्रिड कनेक्टिविटी एवं बहु-उत्पाद पेट्रोलियम पाइपलाइन स्थापित करके ऊर्जा संबंधों को मजबूत करने का निर्णय लिया। ये निर्णय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुर कुमार दिसानायक के बीच हुई व्यापक वार्ता के दौरान लिए गए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दोनों पक्षों ने आर्थिक साझेदारी के लिए निवेश आधारित विकास और संपर्क सुविधा पर जोर देने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा, ''हमने तय किया है कि भौतिक, डिजिटल, ऊर्जा संपर्क हमारे



सहयोग के प्रमुख स्तंभ होंगे।'' मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच बिजली ग्रिड कनेक्टिविटी एवं बहु-उत्पाद पेट्रोलियम पाइपलाइन स्थापित करने के लिए काम किया जाएगा और श्रीलंका के बिजली संयंत्रों के लिए द्रवीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साथ ही घोषणा की कि दोनों देशों के बीच संपर्क सुविधा बेहतर करने के लिए रामेश्वरम और तलाईमनार के बीच नौका सेवा शुरू की जाएगी। मोदी ने कहा, हम दोनों इस बात पर सहमत हैं कि हमारे सुरक्षा हित आपस में जुड़े हुए हैं। हमने रक्षा सहयोग समझौते को जल्द ही अंतिम रूप देने का निर्णय लिया है।

# कूचबिहार में भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

**कूचबिहार :** कूचबिहार जिले से सड़क दुर्घटना का मामला सामने आया है। इस दुर्घटना में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। सड़क दुर्घटना में दो बच्चों सहित एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार, यह दुर्घटना रविवार की देर रात को हुई। बताया जा रहा है कार चालक ने कार चलाते वक्त स्टीयरिंग से अपना कंट्रोल खो दिया, इस कारण कार नदी में जा गिरी। व्यक्तियों को स्थानीय अस्पताल में ट्रांसफर कर दिया गया है। हालांकि, डॉक्टरों की तरफ से उनके इलाज को लेकर किए गए सभी प्रयास विफल रहे और सोमवार की सुबह उन चारों को मृत घोषित कर दिया गया। दोनों मृतकों की पहचान संजीत रॉय और उनकी पत्नी बिपाशा सरकार रॉय के रूप में की गई है। उनके बेटे इवान रॉय और बेटी इशिता रॉय की भी सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। संजीत रॉय नटबारी हाई स्कूल से जुड़े एक उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक थे, उनकी मृत पत्नी उसी इलाके में एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय में प्राथमिक शिक्षिका थीं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, चारों रविवार की देर रात एक विवाह समारोह में शामिल होने के बाद उसी जिले के निकटवर्ती तूफानगंज से कूचबिहार जिले में अपने घर लौट रहे थे। संजीत रॉय खुद कार चला रहे थे। कार जैसे कालजानी हेरिटेज इलाके से गुजरी, संजीत ने स्टीयरिंग पर नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद कार सड़क के किनारे एक नदी में गिर गई और उनमें से चार लोग गाड़ी के अंदर फंस गए। स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और उन्हें बचाने की पूरी कोशिश की।

# पुराण कहता है कि श्री हरि विष्णु का दसवां अवतार संभल में होगा : योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को संभल और बहराइच की सांप्रदायिक हिंसा पर विपक्ष को जवाब देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बाबरनामा भी कहता है कि (संभल में) हरिहर मंदिर को तोड़कर ढांचा खड़ा किया गया और पुराण कहता है कि श्री हरि विष्णु का दसवां अवतार संभल में होगा। प्रश्नकाल के बाद विधानसभा में नेता सदन योगी आदित्यनाथ ने संभल और बहराइच में हाल में हुई हिंसा को लेकर नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय एवं अन्य समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्यों की चर्चा कराने की मांग पर पलटवार करते हुए कहा कि विपक्ष सच पर पर्दा डालने का प्रयास कर रहा है, लेकिन सूर्य, चांद और सत्य को बहुत देर तक कोई छिपाया नहीं जा सकता, सत्य जल्द सामने आएगा। उन्होंने कहा कि बाबरनामा भी कहता है कि हरिहर मंदिर को तोड़कर ढांचा खड़ा किया गया तथा पुराण भी कहता है कि श्री हरि विष्णु का दसवां अवतार संभल में होगा। इसके पहले सदन में संभल से सपा सदस्य इकबाल महमूद ने कहा कि एक प्रार्थना पत्र न्यायालय में दिया जाता है जिसमें संभल में शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के लिए अनुरोध किया गया और उसी दिन दो घंटे के अंदर दल को सर्वेक्षण के लिए भेज दिया गया।

### संभल के मंदिर को खोले जाने के बाद उसके कुंए से मिली तीन क्षतिग्रस्त मूर्तियां

**संभल (उप्र) :** संभल जिले में 46 वर्षों तक बंद रहने के बाद पिछले सप्ताह खोले गये भस्म शंकर मंदिर के कुएं में तीन खंडित मूर्तियां मिली हैं। अधिकारियों ने सोमवार यह जानकारी दी। श्री कार्तिक महादेव मंदिर (भस्म शंकर मंदिर) को 13 दिसंबर को पुनः खोल दिया गया था, जब अधिकारियों ने कहा था कि अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान उन्हें यह ढांचा मिला था। मंदिर में भगवान हनुमान की मूर्ति और शिवलिंग स्थापित था। यह 1978 से बंद था। मंदिर के पास एक कुआं भी है जिसे अधिकारियों ने फिर से खोलने की योजना बनाई थी। संभल के जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने पत्रकारों से कहा,'' प्राचीन मंदिर और जो कुआं हमें मिला है, उसकी खुदाई की जा रही है।'' पेंसिया ने कहा, ''करीब 10 से 12 फीट खुदाई की गई है। इस दौरान आज सबसे पहले पार्वती जी की मूर्ति मिली, जिसका सिर टूटा हुआ मिला, फिर गणेश जी और मां लक्ष्मी जी की मूर्तियां मिलीं।''

# जाकिर हुसैन के निधन से शून्य हुई तबले की थाप



ललित गर्ग

दुनियाभर में शास्त्रीय संगीत में भारत को अलग पहचान दिलाने वाले उस्ताद और मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन अब हमारे बीच नहीं रहे। 73 साल की उम्र में हुसैन ने अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में आखिरी सांस ली। उनके निधन से आज भारतीय संगीत की लय थम गई, सुर मौन हो गए, भाव शून्य हो गए। मौसिकी की दुनिया में हुसैन के तबले की थाप एक अलहदा पहचान रखती है, वे दुनिया भर के अनगिनत संगीत प्रेमियों द्वारा संजोई गई एक असाधारण विरासत छोड़ गए हैं, जिसका प्रभाव आने वाली पीढ़ियों तक बना रहेगा। भारतीय तबले की गौरवशाली परंपरा की सुगंध विश्व भर में प्रसारित करने वाले हुसैन के अनंत में विलीन होने से गहन सन्नाटा छा गया है। हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत एवं तबला वादन का दुनिया में विशिष्ट स्थान है, क्योंकि यह सत्यं, शिवं और सौन्दर्य की युगपत् उपासना की सिद्ध एवं चमत्कारी अभिव्यक्ति है। उन्होंने भारतीय शास्त्रीय संगीत में क्रांति का शंखनाद किया।

उस्ताद जाकिर हुसैन का जन्म 9 मार्च 1951 को हुआ, जाकिर हुसैन तबला वादक उस्ताद अल्ला रक्खा के बेटे थे। हुसैन का बचपन मुंबई में ही बीता। 12 साल की उम्र से ही जाकिर हुसैन ने संगीत की दुनिया में अपने तबले की आवाज को बिखेरना शुरू कर दिया था। प्रारंभिक शिक्षा और कॉलेज के बाद हुसैन ने कला के क्षेत्र में अपने आप को स्थापित करना शुरू कर दिया। 1973 में उनका पहला एलबम लिविंग इन द मैटेरियल वर्ल्ड आया था। उसके बाद तो जैसे जाकिर हुसैन ने ठान लिया कि अपने तबले की आवाज को दुनिया भर में बिखेरेंगे। 1979 से लेकर अब तक जाकिर हुसैन विभिन्न अंतरराष्ट्रीय समारोहों और एलबमों में अपने तबले का दम दिखाते रहे। जाकिर हुसैन भारत में तो बहुत ही प्रसिद्ध थे साथ ही साथ विश्व के विभिन्न हिस्सों में भी समान रूप से लोकप्रिय थे। वे भारतीय संगीत जगत का एक उज्ज्वल नक्षत्र थे। वे पारम्परिक कौशल, रचनात्मकता एवं संवेदनशीलता से युक्त तबला वादन में कल्पनाशील विस्तार, गहन अलौकिकता और अचूक कलात्मक संयम एवं वैभव के लिये विख्यात थे। वे अपनी कला के अकेले महारथि थे। उन्होंने शास्त्रीय संगीत एवं कला को लोकरंजन का साधन बनाने के लिये क्लिष्टता को दूर कर उसे सुगम बनाया। ईश्वर को आलोकपुंज मानते हुए उससे एकाकार होकर अपनी कला को प्रस्तुति देते हुए हुसैन ऐसा प्रतीत कराते थे, मानो उनका ईश्वर से सीधा साक्षात्कार हो रहा है। यही कारण है कि उनके तबले वादन एवं संगीत साधना से रू-ब-रू होने वाले असंख्य लोग उनकी साधना में गौता लगाते हुए मंत्रमुग्ध हो जाते थे। उनका यह स्थान सर्वोपरि रहा है, जिसे अब कोई पूरा नहीं कर सकता। उनके निधन से तबला वादन संसार की एक पाठशाला आज वीरान हो गई।

जाकिर हुसैन यूं तो सम्मान एवं पुरस्कारों से ऊपर थे। फिर भी उन्हें 1988 में जब पद्मश्री का पुरस्कार मिला था तब वह महज 37 वर्ष के थे और इस उम्र में यह पुरस्कार पाने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति भी थे। इसी तरह 2002 में संगीत के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें पद्म भूषण का पुरस्कार दिया गया था। 22 मार्च 2023 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। उस्ताद जाकिर हुसैन तबले को हमेशा आम लोगों से जोड़ने की कोशिश करते थे। यही वजह थी कि शास्त्रीय विधा में प्रस्तुतियों के दौरान बीच-बीच में वे अपने तबले से कभी डमरू, कभी शंख तो कभी बारिश की बूंदों जैसी अलग-अलग तरह की ध्वनियां निकालकर सुनाते थे। वे कहते थे कि शिवजी के डमरू से कैलाश पर्वत से जो



शब्द निकले थे, वही शब्द लेकर उन्हें ताल की जुबान में बांधा। हम सब तालवादक, तालयोगी या तालसेवक उन्हीं शब्दों को अपने वाद्य पर बजाते हैं। गणेशजी इन सबके कुलदेव हैं। उस्ताद जाकिर हुसैन की शख्सियत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने महज 11 साल की उम्र में अमेरिका में पहला कॉन्सर्ट किया। यानी तकरीबन 62 साल तक उनका और तबले का साथ नहीं छूटा। उन्हें उनकी पीढ़ी के सबसे महान तबला वादकों में माना जाता है।

जब तबले का जिक्र आता है तो सबसे बड़े नामों में उस्ताद जाकिर हुसैन का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। उन्होंने न सिर्फ अपने पिता उस्ताद अल्ला रक्खा खां की पंजाब घराने (पंजाब बाज) की विरासत को आगे बढ़ाया, बल्कि तबले के शास्त्रीय वादन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी ले गए। उस्ताद को संगीत की दुनिया का सबसे बड़ा ग्रैमी अवॉर्ड 1992 में 'द प्लेनेट ड्रम' और 2009 में 'ग्लोबल ड्रम प्रोजेक्ट' के लिए मिला। इसके बाद 2024 में उन्हें तीन अलग-अलग संगीत एलबमों के लिए एकसाथ तीन ग्रैमी मिले। 1978 में जाकिर हुसैन ने कथक नृत्यांगना एंटोनिया मिनीकोला से शादी की थी। उनकी दो बेटियां हैं, अनीसा कुरैशी और इसाबेला कुरैशी। अनीसा ने यूसीएलए से स्नातक किया है और वह एक फिल्म निर्माता हैं। 1983 में जाकिर हुसैन ने फिल्म 'हीट एंड डस्ट' से अभिनय के क्षेत्र में कदम रखा। इसके बाद 1988 में 'द परफेक्ट मर्डर', 1992 में 'मिस बैटीज चिल्डर्स' और 1998 में 'साज' फिल्म में भी उन्होंने अभिनय किया।

हुसैन का तबला वादन का सृजन एवं संगीत मनोरंजन एवं व्यावसायिकता के साथ आध्यात्मिकता एवं सृजनात्मकता का आभामंडल निर्मित करने वाला है। उनके भारतीय शास्त्रीय संगीत की साधना एवं तबला वादन का उद्देश्य आत्माभिव्यक्ति, प्रशंसा या किसी को प्रभावित करना नहीं, अपितु स्वान्तः सुखाय, पर-कल्याण एवं ईश्वर भक्ति की भावना है। इसी कारण उनका शास्त्रीय संगीत, एवं तबला वादन स्वरों की साधना सीमा को लांघकर असीम की ओर गति करती हुई दृष्टिगोचर होती है। उनका उनका तबला वादन हृदयग्राही एवं प्रेरक है क्योंकि वह सहज एवं हर इंसान को आत्ममुग्ध करने, झकझोरने एवं आनन्द-विभोर करने में सक्षम है। भगवान शिव की जीवंतता को साकार करने वाला यह महान् कलाकार सदियों तक अपनी शास्त्रीय-संगीत साधना एवं तबला वादन के बल पर हिन्दुस्तान की जनता पर अपनी अमिट छाप कायम रखेगा। 90 के दशक में ताजमहल चाय के 'वाह ताज' विज्ञापन ने उन्हें हर घर में पहचान दिलाई। इस विज्ञापन में चाय की चुस्की लेते हुए उनकी तबला जुगलबंदी के दौरान बोली गई वाह ताज ने ताजमहल चाय को आम लोगों में फेमस कर दिया था।

जाकिर हुसैन के तबला वादन की तासीर ही है कि उन्हें सुनते एवं देखते हुए कोई शख्स तनावों की भीड़ में शांति महसूस करता तो किसी के अशांत मन के लिये वह समाधि का नाद होता है। उनका संगीत एवं तबला वादन चंचल चित्त के लिये एकाग्रता की प्रेरणा होता तो संघर्ष के क्षणों में संतुलन का उपदेश। वह एक दिव्य एवं विलक्षण चेतना थी जो स्वयं संगीत एवं तबला वादन में जागृत रहती और असंख्य श्रोताओं के भीतर ज्योति जलाने का प्रयास करती। हर जगह यह बेजोड़ तबला वादक शास्त्रीयता की राह पर चलते हुए भक्ति का एक लोकपथ सृजित करता था, धरती से ब्रह्माण्ड तक, संगीतप्रेमियों से वैज्ञानिकों तक, राजनीतिज्ञों से साधकों तक सबकी नजरें इस अलौकिक एवं विलक्षण तबला वादक पर लगी रहती थी। आधुनिक संदर्भों में शास्त्रीय तबला के मूर्धन्य एवं सिद्ध उपासकों की कड़ी में जाकिर हुसैन का देवलोकगमन होना एक महान संगीत एवं तबला परंपरा में गहरी रिक्तता एवं एक बड़े खालीपन का सबब है। भले ही मृत्यु उन्हें छिपा ले और महत्तर मौन उन्हें घेर ले, फिर भी उनके स्वर, तबला वादन एवं संगीत का नाद इस धरती को सुकोमलता का अहसास कराता रहेगा।

## तुरंत मुफ्त मदद बचाएगी घायलों की जान

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी अक्सर कहते हैं कि बुरा लगता है कि देश में सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों का आंकड़ा दुनिया में सबसे ज्यादा है। एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार देश में एक दशक में सड़क दुर्घटनाओं में 15 लाख लोगों की मौत हुई । हर साल कोई डेढ़ लाख से अधिक लोग सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं। दुर्भाग्यपूर्ण है कि मरने वाले ज्यादातर युवा व परिवार के कमाने वाले होते हैं। उनके मरने से परिवार गरीबी के दलदल में जा धंसता है। यदि दुर्घटना होने पर घायलों को तुरंत व मुफ्त उपचार मिले तो लाखों जानें बचायी जा सकती हैं। इस संकट के मद्देनजर ही सड़क एवं राजमार्ग मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति का शुरुआती गोल्डन ऑवर में नि:शुल्क उपचार कराया जाएगा। दुर्घटना के बाद सात दिनों के भीतर घायल को डेढ़ लाख रुपये तक उपचार मुफ्त मिल सकेगा। हरियाणा पुलिस ने भी इस योजना की शुरुआत कर दी है। प्रदेश की सड़कों को नागरिकों के लिये सुरक्षित बनाने की पहल को विस्तार दिया जा रहा है। दरअसल, यह पायलेट प्रोजेक्ट नेशनल हेल्थ अथॉरिटी द्वारा स्थानीय पुलिस और राज्य स्वास्थ्य विभाग द्वारा अनुबंधित अस्पतालों के साथ तालमेल करते हुए संयुक्त रूप से लागू किया जाएगा। इसमें अस्पताल प्रबंधन सॉफ्टवेयर में घायल व्यक्ति का डेटा अपलोड करके संबंधित पुलिस थाने को भेजेगा। थाना छह घंटे के भीतर दुर्घटना की पुष्टि करेगा, फिर घायल को कैशलेस इलाज की सुविधा मिलेगी।

निश्चित रूप से सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय की पहल पर शुरू की गई इस योजना का स्वागत किया जाना चाहिए। यदि समय रहते घायलों को उचित व मुफ्त उपचार मिल जाए तो हर साल हजारों जानें बचायी जा सकती हैं। लेकिन जरूरत इस बात की है कि अस्पतालों व पुलिस में बेहतर तालमेल स्थापित हो। निश्चित रूप से घायलों के प्रति संवेदनशील व्यवहार व औपचारिकताओं के बिना तुरंत उपचार जीवन रक्षक ही साबित होगा। उन बाधाओं को दूर करने की भी जरूरत है जिसकी वजह से लोग घायलों की मदद करने से कतराते हैं। इसके अलावा उन बिंदुओं पर विस्तार से काम करने की जरूरत है, जिसकी वजह से सड़क दुर्घटनाओं में तेजी आती है। जरूरी है कि जन-जागरुकता अभियान चलाकर लोगों को दुर्घटनाओं को टालने के लिये सतर्क रहने को प्रेरित किया जाए। उन स्थानों को चिन्हित किया जाए जहां दुर्घटना उन्मुख क्षेत्र स्थित हैं। इंजीनियरिंग विभाग की मदद से उन तकनीकी खामियों को दूर किया जाए जो दुर्घटना का कारण बनती हैं। इसी तरह स्कूली बसों की सुरक्षा की भी नियमित जांच होनी चाहिए। इस दिशा में हरियाणा पुलिस ने बड़ी पहल करते हुए 19 हजार से अधिक स्कूल बसों की जांच की है और खामी पाये जाने पर करीब साढ़े चार हजार से अधिक बसों के चालान भी किए हैं। इसी तरह ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों का भी चालान किया जाना चाहिए, ताकि दुर्घटना की आशंका को टाला जा सके। निस्संदेह, सरकार, पुलिस-प्रशासन तथा नागरिकों की जागरूकता से ही दुर्घटनाएं टाली जा सकती हैं।

## इजराइल-हमास युद्ध : गाजा पट्टी में मारे गए लोगों की संख्या 45 हजार के पार

**दीर अल-बलाह :** इजराइल और हमास के बीच पिछले 14 महीनों से जारी युद्ध की वजह से गाजा पट्टी में जान गंवाने वालों की संख्या 45,000 के पार पहुंच गई है। गाजा पट्टी के स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों में आम नागरिकों और लड़ाकों की अलग-अलग जानकारी नहीं दी गई है। हालांकि, उसने कहा कि मारे गए लोगों में अधिकतर महिलाएं और बच्चे हैं। इजराइली सेना का दावा है कि उसने 17,000 से ज्यादा आतंकवादियों को मार गिराया है, लेकिन उसने अपने इस दावे का कोई सबूत नहीं दिया है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अक्टूबर 2023 में युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक 45,028 लोग मारे गए हैं और 106,962 घायल हुए हैं। उसने बताया कि वास्तविक संख्या इससे कहीं अधिक है, क्योंकि हजारों शव अब भी मलबे में दबे हुए हैं या ऐसे क्षेत्रों में हैं जहां टीम नहीं पहुंच सकती।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 17 दिसम्बर, मंगलवार, 2024, विक्रम सम्वत् 2081, पौष कृष्णपक्ष द्वितीया, 11:00 तक, नक्षत्र : पुनर्वसु, 24:44 तक, योग : ब्रह्मा, 21:06 तक, सूर्योदय: 6:11, सूर्यास्त: 16:56 चन्द्रोदय : 18:52, चन्द्रास्त: 08:01, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : धनु, चन्द्र राशि : मिथुन, राहू काल : 14:12 से 15:31

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों के लिए करियर में लाभ के प्रबल योग बन रहे हैं। जो भी कार्य आप मेहनत के साथ करेंगे उसमें आपको सफलता प्राप्त होगी। शाम को कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है।

**वृष :** वृषभ राशि के लोगों को भाग्य का साथ मिलेगा और आपको करियर के मामले में लाभ होगा। किसी देवस्थान की यात्रा करने से आपको सकून मिलेगा। आपकी योजनाएं सफल होंगी।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लोगों के लिए दिन काफी रचनात्मक है और आपको कारोबार में भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपको किसी क्रियेटिव और आर्टिस्ट काम को पूरा करने का मौका मिलेगा।

**कर्क :** कर्क राशि के लोगों के लिए दिन काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उस का फल उसी समय मिल सकता है। साथी भी आपका सहयोग करेंगे।

**सिंह :** सिंह राशि के लोगों के लिए दिन मिलाजुला रहेगा और आपके भाग्य में वृद्धि होने से मन काफी प्रसन्न होगा। आपके भाग्य में वृद्धि होगी और आपका मन काफी प्रसन्न होगा।

**कन्या :** कन्या राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा और आपके जीवन में तरक्की के योग बन रहे हैं। आपसी वार्ता और व्यवहार में संयम रखने की जरूरत है।

**तुला :** तुला राशि के लोगों के लिए दिन लाभकारक है। आपके कार्य व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। आपको ऑफिस में कोई नया प्रॉजेक्ट काम करने को मिल सकता है।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोगों का दिन परेशानियों और कठिनाइयों से भरा हो सकता है। शाम के वक्त आपको लाभ के अवसर प्राप्त होंगे और आपके लिए तरक्की के संयोग बनेंगे।

**धनु :** धनु राशि के लोगों के लिए दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएंगे तो आपको बड़ा लाभ होगा। आपके लिए तरक्की के योग बन रहे हैं।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए सेहत में उतार चढ़ाव भरा रहने वाला है। आपकी कोई पुरानी समस्याओं उभर सकती हैं। आप काम को लेकर कहीं बाहर जाने की प्लानिंग करेंगे।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहेगा। आपको अपने कामों में तरक्की को लेकर परिवार के सदस्य भी खुश रहेंगे।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि लेकर लेकर आने वाला है। धार्मिक कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। अपने ज्ञान को केंद्रित करके कामों को करना होग।

## बंगाल की खबरें

## अनुकंपा नियुक्ति में अमान्य विवाह से पैदा हुए बच्चों के साथ भेदभाव निंदनीय : हाईकोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाईकोर्ट ने कहा है कि अनुकंपा आधारित नौकरी प्रदान करने के मामलों में अमान्य विवाह से पैदा हुए बच्चों के साथ भेदभाव करना निंदनीय है। कोर्ट ने एक मृत रेलवे कर्मचारी के छोटे बेटे को नौकरी देने से इन्कार करने पर चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की, जो उसकी दूसरी पत्नी से पैदा हुआ था। बता दें कि दूसरे बेटे और पहली पत्नी को दूसरे बेटे की अनुकंपा नियुक्ति पर कोई आपत्ति नहीं थी। हालांकि, 2 जनवरी, 1992 के एक परिपत्र के आधार पर नियुक्ति को खारिज कर दिया गया था। इस दिन, न्यायमूर्ति



अनन्या बंद्योपाध्याय ने कहा कि परिवार में कमाने वाले की मृत्यु की स्थिति में अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने का उद्देश्य अचानक उत्पन्न वित्तीय बाधाओं को दूर करना है। उन्होंने कहा कि बच्चे के जन्म के वैध स्रोत पर विचार करते हुए उक्त नियुक्ति के लिए पात्रता या उपयुक्तता में अंतर करना निंदनीय और प्रतिकूल है।

### नवान्न के सामने धरने पर बैठने की अनुमति के लिए हाईकोर्ट पहुंची संग्रामी यौथ मंच

सरकारी कर्मचारियों का संगठन संग्रामी कोमिता मंच अपनी उचित मांगों को लेकर अगले रविवार को नवान्न के सामने धरना पर बैठना चाहता है। संगठन ने पुलिस पर धरने की इजाजत नहीं देने का आरोप लगाते हुए हाईकोर्ट में केस दायर करने की अर्जी दी। हाईकोर्ट के जस्टिस तीर्थंकर घोष ने केस दायर करने की अनुमति दे दी है। बुधवार को मामले की सुनवाई। कुछ हफ़्ते पहले, संघर्षरत सामूहिक मंच ने डीए बकाया और रिक्तियों की मांग को लेकर सड़कों पर उतरने की धमकी दी थी। उन्होंने इस महीने की 22 से 24 तारीख तक तीन दिनों तक इस पद पर विरोध प्रदर्शन करने की योजना बनाई है। 27 को महामार्च निकालने की बात कही गई है। जुलूस सुबोध मल्लिक चौक से शुरू होकर शहीद मीनार तक जाएगी। तभी धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

## एएसएफएचएम ने लंबे समय से लंबित मुद्दों के समाधान की मांग की

**हुगली, समाज्ञा :** एडवांस्ड सोसाइटी फॉर हेडमास्टर और हेडमिस्ट्रेस (एएसएफएचएम) ने शरत सदन में अपनी पांचवीं वार्षिक आम बैठक का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पश्चिम बंगाल में हेडमास्टर और हेडमिस्ट्रेस के लंबे समय से लंबित



मुद्दों का समाधान करना था। इस बैठक का उद्घाटन बेलूर मठ के रामकृष्ण मिशन के सचिव स्वामी विद्यमितानंद ने किया। स्वामी विद्यामितानंद ने अपने संबोधन में राज्य सरकार को हस्तक्षेप करने और हेडमास्टर और हेडमिस्ट्रेस के सामने आने वाले मुद्दों को हल करने की आवश्यकता पर जोर दिया। एएसएफएचएम के राज्य महासचिव चंदन मैती ने संगठन की मांगों को रेखांकित करते हुए संपादकीय रिपोर्ट पेश की। जिसमें संगठन की कई सूत्रीय मांग शामिल है। इस कार्यक्रम में हावड़ा नगर निगम के अध्यक्ष डॉ. सुजय चक्रवर्ती मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दो दिवसीय सम्मेलन में राज्य के 22 जिलों के प्रतिनिधियों द्वारा चर्चा और प्रस्तुतियों का आयोजन किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता एएसएफएचएम के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. हरिदास घटक ने की और उपाध्यक्ष बिरात बनर्जी, सुब्रत बूरा, डॉ. मीनू पाल और अंतर-जिला समन्वयक अलातफ शेख ने बैठक की अध्यक्षता की। एएसएफएचएम के अध्यक्ष डॉ. पंकज नस्कर द्वारा धन्यवाद के साथ हुआ।

## 'वाराही' का नटी बिनोदिनी नाटक पर संगोष्ठी तथा कवि सम्मेलन

**कोलकाता, समाज्ञा :** 'वाराही' द्वारा बड़ाबाजार लाइब्रेरी के विष्णुकांत शास्त्री सभागार में, प्रख्यात नाटककार प्रताप जायसवाल द्वारा अनुवादित हिंदी नाटक 'नटी बिनोदिनी' पर संगोष्ठी तथा भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन वाराही की अध्यक्ष




नीता अनामिका एवं सचिव अरुण कुमार के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम के पहले सत्र में प्रताप जायसवाल एवं आलोकपर्णा गुहा द्वारा बहुचर्चित हिंदी नाटक 'नटी बिनोदिनी' से जुड़ा कुछ अंश, संवाद रूप में प्रस्तुत किया गया एवं इनके साथ-साथ बांग्ला सिनेमा जगत से जुड़ी अभिनेत्री सारबोरी मुखर्जी, रंगकर्मी खुर्शीद इकराम मन्ना, प्रेम कपूर एवं राज मिठौलिया ने भी इस बहुचर्चित नाटक से जुड़ी प्रेस कांफ्रेंस में अपने वक्तव्य प्रस्तुत किये। इस सत्र का संचालन नीता अनामिका ने किया। यूनिवर्सल लिटिल थिएटर द्वारा आयोजित नाटक नटी बिनोदिनी का मंचन 22 दिसंबर, गिरीश मंच, कोलकाता शाम 6 बजे होने जा रहा है। दूसरे सत्र में कवि सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता नंदलाल रौशन एवं संचालन रामाकांत सिन्हा ने किया। सत्र का प्रारंभ हुआ आलोक चौधरी द्वारा गणेश वंदना के साथ और उसके बाद उपस्थित सभी कवियों व कवयित्रियों ने अपनी बेहतरीन रचनाओं की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। नीता अनामिका ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## मानव एकता फाउंडेशन ब्लड हेल्प लाईन बंगाल ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन



**हावड़ा, समाज्ञा :** मानव एकता फाउंडेशन ब्लड हेल्प लाईन बंगाल ने शांतिनगर कल्चर्रल एसोसियेशन के सहयोग से सोमवार को रक्त दान शिविर का आयोजन किया। लिलुआ के शांति नगर कॉलोनी में यह आयोजन थैलिसीमियां के बच्चो के लिए किया गया। जिसमें 50 रक्त दात्ताओ ने रक्त दांन किया। लायन्स ब्लड बैंक कोलकात्ता की टीम ने रक्त संग्रह किया। इसका शुभारंभ मानव एकता के चैयर मैन डॉ. मनमोहन तापडीयां ने किया। वहां पर सचिव नंदलाल अग्रवाल और संस्था की खजांची जूली अग्रवाल, फाउंडर गौतम भाटिया, सत्येंद्र यादव, पारस सर, राजेश यादव, हार्दिक पटेल, स्वाति भाटिया, सचिन वाही, रवि यादव, मिट्ठू भाई, ईशु पोद्दार, प्रवीण सिंह समिष्टा खान, मुकेश ठकर, संगीता सिंह, सुदामा सिंह आदि सभी साथियों की मेहनत और सहयोग से पूर्ण हुआ।

## पतंजलि योग महासम्मेलन संपन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर के साल्टलेक- 3 में स्थित मेवाड़ हॉल में महायोग सम्मेलन में मुख्य केंद्रीय प्रभारी राकेश (पतंजलि योगपीठ हरिद्वार) ने भाग लिया। उनके साथ विजय जायसवाल (राज्य संरक्षण, पश्चिम बंगाल), रमेश नांगलिया, शिवनारायण दे, महामाया रॉय, अशोक शाह एवं अन्य अतिथि भी उपस्थित रहे। मुख्य केंद्रीय प्रभारी राकेश ने महायोग सम्मेलन में उपस्थित लगभग 1,200 योगी भाई-बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि योग ही परम धर्म और सेवा है, योग के माध्यम से पापों से छुटकारा पाया जा सकता है और सिद्धि प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि योग से रोगों से बचा जा सकता है।

## वर्ग पहेली नं. 2948



➲ बायें से दायें:- 1) पहिया, 2) वस्तुपरक; तथ्यात्मक; यथार्थ, 4) बुरी नीयत से दी जाने वाली सलाह, 5) छंदहीन साहित्य; *प्रोज़*, 6) अहंकार, 7) भीत; दीवाल, 8) जनसमूह; *सोसाइटी*, 10) तीर; किनारा, 12) जनक, 14) भेजा, 17) साहित्यिक रचना, 18) तारुण्य; युवावस्था, 20) झिरी; अलगाव, 21) नभ, 22) स्त्री, 23) सामान्य; *ऐवरेज*, 25) थका; चूर-चूर, 27) कान के पास फुसफुसाना, 28) प्रवाही; पतला *(द्रव)*.

➲ ऊपर से नीचे:- 1) प्रत्यक्षदर्शी 2) बाजा, 3) उज्जयिनी का एक ऐतिहासिक राजा जिसका विक्रम संवत् चला हुआ है, 4) पहाड़, 5) एक गुजराथी नृत्यप्रकार, 9) इकट्ठा, 11) वृक्ष की डाली, 13) फैलाव, 15) अत्याचार; ईश्वरीय संकट; विचित्र बात, 16) मसाले की एक जड़, 19) आघात, 21) आखिरी वक्त, 22) थिरकना, 23) महिला, 24) सुंदर स्त्री, 26) ठिंगनी.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | लि | क | त | ■ | शा | ह | ज़ा | दा | ■ |
| हि | ■ | द | ब | द | बा | ■ | ■ | न | खा |
| ल | की | र | ■ | र | स | दा | र | ■ | स |
| ■ | ■ | दा | मा | द | ■ | ग | ज | मु | खा |
| ज | मी | न | ■ | र | स | ■ | नी | ■ | स |
| ■ | ना | ■ | मौ | ■ | त | ला | श | ना | ■ |
| औ | र | ■ | स | म | त | ल | ■ | ■ | ज |
| र | ■ | स | म | स्त | ■ | टे | ढ़ा | प | न |
| स | र्व | त्र | ■ | क | ठि | न | ■ | ल | ता |

## सुडोकू-पहेली-2908

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | | 6 | 5 | | |
| | 4 | | | | | | | 1 |
| | | | 3 | | | | | |
| | | | | 8 | | | 2 | 4 |
| 3 | | | | | | | 8 | |
| 7 | | | | | | | | |
| 6 | | | | | | 3 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | |
| | | | | 1 | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 2907 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 5 | 9 | 7 | 1 | 6 | 8 |
| 9 | 7 | 5 | 6 | 8 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 8 | 4 | 2 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 1 | 8 | 6 | 3 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 |
| 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 6 |
| 7 | 6 | 3 | 8 | 5 | 2 | 4 | 9 | 1 |
| 8 | 4 | 9 | 1 | 3 | 6 | 5 | 2 | 7 |

# विजय दिवस पर कोलकाता में बलिदानियों को दी गई श्रद्धांजलि, बांग्लादेशी मुक्ति योद्धा भी हुए शामिल

## राज्यपाल व पूर्वी सेना कमान के प्रमुख सहित बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल ने विजय स्मारक पर अर्पित की श्रद्धांजलि



**कोलकाता, समाज्ञा :** 53वें विजय दिवस के मौके पर सोमवार को कोलकाता में सेना के पूर्वी कमान मुख्यालय फोर्ट विलियम स्थित विजय स्मारक पर बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी गई। समारोह में मुख्य अतिथि बंगाल के राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस सहित पूर्वी कमान के प्रमुख (जनरल आफिसर कमांडिंग-इन-चीफ) लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी एवं तीनों सेनाओं के वरिष्ठ अधिकारियों ने विजय स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले बलिदानियों को नमन किया। इस दौरान, सेना के पांच हेलीकॉप्टरों से विजय स्मारक पर पुष्प वर्षा भी की गई। पूर्वी कमान के आमंत्रण पर विजय दिवस समारोह में बांग्लादेशी मुक्ति योद्धा (स्वतंत्रता सेनानियों) और वहां की सेना के एक सेवारत अधिकारी सहित नौ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने भी भाग लिया और विजय स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित किए। बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद अनिनूर रहमान ने किया। समारोह में बांग्लादेशी प्रतिनिधियों के परिवार के सात सदस्य भी शामिल हुए। पुष्पांजलि समारोह में पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल शंकर राय चौधरी, पूर्व वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अरूप राहा के अलावा 1971 के युद्ध में भाग लेने वाले भारतीय सशस्त्र बलों के कई पूर्व दिग्गज (वेटर्स) भी मौजूद थे।

### भारत की 1971 के युद्ध में जीत ने लोगों को उत्पीड़न से मुक्ति दिलाई : राज्यपाल



इस मौके पर, राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने कहा कि 1971 के युद्ध में पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सशस्त्र बलों की जीत ने लोगों को उत्पीड़न से मुक्ति दिलाई और बांग्लादेश के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया। विजय स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद राज्यपाल ने कहा कि भारत जानता है कि कैसे एक साथ आना है, कैसे सोचना है और कैसे एक साथ काम करना है। बोस ने कहा- 'न केवल भारत के लिए, बल्कि पूरे लोकतांत्रिक विश्व के लिए यह दिन लोगों के उत्पीड़न से मुक्ति का प्रतीक है। बांग्लादेश के निर्माण में भारतीय सशस्त्र बलों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। बांग्लादेश में हमारे भाइयों और बहनों ने यह सिद्ध किया कि किसी का हमेशा दमन नहीं किया जा सकता।'

### 'हमेशा के लिए हैं भारत-बांग्लादेश के रिश्ते', विजय दिवस पर मुक्ति योद्धाओं ने कहा

पड़ोसी देश के मुक्ति योद्धाओं ने सोमवार को कोलकाता में विजय दिवस समारोह के दौरान कहा कि भारत और बांग्लादेश के बीच रिश्ते हमेशा के लिए हैं और कुछ छोटी-मोटी घटनाओं का कोई असर नहीं होगा। जो लोग आज बांग्लादेश में अशांति फैला रहे हैं, उन्हें इतिहास का कोई ज्ञान नहीं है। उन्हें नहीं पता कि मुक्ति संग्राम के दौरान हमने क्या-क्या झेला या भारत और उसकी सेनाओं से हमें किस तरह का समर्थन मिला। उन्हें नहीं पता कि बांग्लादेश के लोगों को किस तरह की यातनाओं से गुजरना पड़ा। मुक्ति योद्धाओं ने कहा कि कुछ लोग, जिन्हें कम जानकारी है, भारत पर हमला करने की बात कर रहे हैं। क्या उन्हें भारत की सैन्य ताकत का भी एहसास है? मुक्ति योद्धाओं ने से एक ने कहा कि उम्मीद है कि यह एक गुजरता हुआ दौर है और जल्द ही सब कुछ सामान्य हो जाएगा। एक अन्य ने मजाक में कहा कि कोई अपना जीवनसाथी भी बदल सकता है, लेकिन कोई भी अपने मित्रवत और मददगार पड़ोसी से मुंह नहीं मोड़ सकता। मुक्ति योद्धाओं के प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद अमीनुर रहमान (सेवानिवृत्त) ने कहा कि देशों के बीच संबंध इतने मजबूत हैं कि उन्हें बिगाड़ा नहीं जा सकता। अन्य लोगों ने कहा कि बांग्लादेश की स्थिति के बारे में जो कुछ कहा जा रहा है, वह सब सुनी-सुनाई बातें हैं। दोनों तरफ निहित स्वार्थ वाले समूह हैं। सच्चाई कुछ और है। हमारे दोनों देशों और लोगों के बीच संबंध इतने कमजोर नहीं हैं कि कुछ छिटपुट घटनाओं के कारण टूट जाएं। अगर संबंध टूट गए होते, तो हम भारत कैसे आते? मेजर जनरल अब्दुस सलाम चौधरी (सेवानिवृत्त) ने कहा कि भारतीय सेना का प्रतिनिधिमंडल बांग्लादेश का दौरा कैसे कर रहा है। बता दें कि 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत के उपलक्ष्य में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा हर साल 16 दिसंबर को विजय दिवस मनाया जाता है, जिसके कारण बांग्लादेश की मुक्ति हुई।

### बंगाल ने दूध, अंडे व मांस उत्पादन दर में 'बड़े' राज्यों को पछाड़ा, मुख्यमंत्री ने जताई खुशी

**कोलकाता, समाज्ञा :** तीसरे स्थान पर रहे पश्चिम बंगाल ने जनसंख्या के हिसाब से देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश और पशु प्रोटीन (दूध, अंडा और मांस) उत्पादन के मामले में दूसरे सबसे बड़े राज्य महाराष्ट्र को पीछे छोड़ दिया है। सोमवार को यह दावा मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने किया। इस दिन, मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा कि केंद्र सरकार की हाल ही में प्रकाशित 'पशुपालन सांख्यिकी 2024' के अनुसार, बंगाल अब देश में सबसे अधिक मांस उत्पादक राज्य है। राष्ट्रीय उत्पादन में बंगाल का योगदान 12.62 प्रतिशत है। पश्चिम बंगाल ने दूध उत्पादन में देश में सबसे अधिक वार्षिक वृद्धि दर दर्ज की है। इस संबंध में, राष्ट्रीय औसत 3.78 प्रतिशत है, वहीं बंगाल का 9.67 फीसदी। यह दावा करते हुए कि पोल्ट्री क्षेत्र में अंडा उत्पादन की दर बंगाल में राष्ट्रीय स्तर की उत्पादन वृद्धि दर से काफी अधिक है, मुख्यमंत्री ने लिखा कि हमारी वार्षिक वृद्धि दर 18.07 प्रतिशत है। राष्ट्रीय औसत 3.18 प्रतिशत है। इस घटना को 13 वर्षों में अपनी सरकार की सफलता बताते हुए मुख्यमंत्री की एक्स हैंडल पर टिप्पणी में कहा गया है कि यह उपलब्धि हमारी नवोन्वेषी नीतियों और कार्यक्रमों का प्रमाण है। हमारे किसानों और उत्पादकों की ताकत का प्रदर्शन है।

### तृणमूल में आमूल-चूल परिवर्तन समेत कैबिनेट में भी फेरबदल की संभावना

**कोलकाता, समाज्ञा :** पौष संक्रांति के बाद तृणमूल में बड़े बदलाव की संभावना है। 15 से 23 जनवरी के बीच विभिन्न जिलों में संगठनात्मक फेरबदल हो सकता है। संगठनात्मक ही नहीं, साथ ही मंत्रिमंडल में भी फेरबदल की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक, तृणमूल के अखिल भारतीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने विभिन्न जिलों में संगठनात्मक बदलाव को लेकर तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी को सूची सौंपी है। सूत्रों के मुताबिक, पौष संक्रांति के बाद तृणमूल में बदलाव की सूची जारी की जाएगी ।कई संगठनात्मक जिलों के जिला अध्यक्ष बदले जाएंगे। उसकी तैयारियां अभी से चल रही हैं।अटकलें शुरू हो गई हैं कि क्या अभिषेक बनर्जी द्वारा सौंपी गई सूची पर तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी मुहर लगाएंगी? न सिर्फ पार्टी के संगठन बल्कि कैबिनेट में भी बड़े बदलाव की संभावना है। 15 से 23 जनवरी के बीच कैबिनेट में फेरबदल भी हो सकता है। सूत्रों के मुताबिक, कई दफ्तर संभाल रहे कुछ मंत्रियों के दफ्तरों की संख्या कम की जा सकती है। इतना ही नहीं, कैबिनेट में नए चेहरों को भी शामिल किए जाने की संभावना है जिसके चलते कुछ को मौजूदा कैबिनेट से बाहर किया जा सकता है। कुल मिलाकर तृणमूल के सांगठनिक और मंत्रिमंडल में बदलाव की अटकलें तेज हो गई हैं।

## ममता 'इंडी' गठबंधन की नेता बनने के लिए सबसे योग्य : अभिषेक बनर्जी

**नई दिल्ली/कोलकाता :** तृणमूल सांसद अभिषेक बनर्जी ने सोमवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की 'इंडी' गठबंधन के नेता के तौर पर दावेदारी का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि ममता सबसे वरिष्ठ नेता हैं एवं भाजपा और कांग्रेस दोनों को हराकर आगे बढ़ी हैं। इस दिन, तृणमूल सांसद ने संसद परिसर में कहा कि ममता बनर्जी की दावेदारी पर 'इंडी' गठबंधन बैठक कर विचार करेगा। वो सबसे वरिष्ठ हैं, तीन बार की मुख्यमंत्री और तीन बार की सांसद हैं। केन्द्र सरकार में कई मंत्री पद संभाल चुकी हैं। ममता के क्षेत्रीय पार्टी से होने के कांग्रेस के बयान पर अभिषेक बनर्जी ने कहा कि भले ही, तृणमूल क्षेत्रीय पार्टी है लेकिन पार्टी भाजपा और कांग्रेस दोनों से लड़कर आगे बढ़ी है। जनता से समर्थन मिला है। भाजपा से इस बार 6 सांसद



तृणमूल ने छीने हैं। हमारा भाजपा के खिलाफ स्ट्राइक रेट सबसे बेहतर है।

❑ **'ईवीएम पर सवाल उठाने वाले को चुनाव आयोग के पास जाकर देना चाहिए हैकिंग का डेमो'**

ईवीएम को कोसने वाली कांग्रेस और शिवसेना को उमर अब्दुल्ला के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे व तृणमूल महासचिव व सांसद अभिषेक बनर्जी ने भी आईना दिखा दिया। अभिषेक बनर्जी ने ईवीएम से छेड़छाड़ के कांग्रेस के दावों पर सार्वजनिक रूप से सवाल उठाए। उन्होंने आरोपों को बेतरतीब बयान बताते हुए खारिज कर दिया और ऐसे दावे करने वालों से भारतीय चुनाव आयोग के सामने हैकिंग प्रक्रिया का प्रदर्शन करने का आग्रह किया। अभिषेक ने कहा कि ईवीएम पर सवाल उठाने वालों को चुनाव आयोग के पास जाना चाहिए और डेमो कर बताना चाहिए कि वोटिंग मशीन हैक कैसे हो सकती है। अगर वोटिंग के दौरान बूथ पर मॉक पोल और काउंटिंग के दौरान इसकी चेकिंग की जाती है, ऐसे में आरोप नहीं लगाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ हो नहीं रहा है सिर्फ बयानबाजी हो रही है। उन्होंने कहा कि वह कई चुनावों में ग्राउंड पर काम करते रहे हैं। उन्हें ईवीएम से कभी शिकायत नहीं मिली। उन्होंने कहा कि जिन्हें ईवीएम पर शक है, वह प्रतिनिधिमंडल के साथ चुनाव आयोग के पास जाएं और डेमो देकर बताएं कि किस टेक्निक से मशीन को हैक किया जा सकता है।

## तृणमूल ने फिरहाद हकीम के बयान से बनाई दूरी, कहा... 'यह हमारी विचारधारा नहीं'

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के वरिष्ठ मंत्री व तृणमूल नेता फिरहाद हकीम की ओर से मुसलमानों की आबादी को लेकर की गई टिप्पणी पर विवाद जारी है। इस बीच, राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी ने सोमवार को उनके बयानों से दूरी बनाई है और अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए उनकी निंदा की है। यह विवाद तब शुरू हुआ जब शनिवार को हकीम का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह अल्पसंख्यक छात्रों को संबोधित कर रहे थे। वीडियो में हकीम कहते हुए सुनाई दिए थे कि पश्चिम बंगाल में हम (मुसलमान) 33 फीसदी हैं और देशभर में 17 फीसदी हैं। इसके बाद, हकीम ने आगे कहा कि अल्पसंख्यकों को ऐसी स्थिति में आना चाहिए, जहां उनकी आवाज खुद ही सुन ली जाए और न्याय की मांग पूरी हो जाए। उन्होंने कहा था कि हम संख्या में अल्पसंख्यक हो सकते हैं, लेकिन अल्लाह ने चाहा तो हम इतने मजबूत बन सकते हैं कि हमें न्याय के लिए मोमबत्ती लेकर रैली करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। हम एक ऐसा स्थान हासिल करेंगे, जहां हम सही मायनों में मजबूत होंगे। हालांकि, हकीम के इस वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं की जा सकी थी। उनके इस बयान पर टीएमसी ने सोमवार को अपनी प्रतिक्रिया दी। पार्टी ने कहा कि टीएमसी फिरहाद हकीम के हाल के बयानों से खुद को पूरी तरह अलग करती है और इसकी कड़ी निंदा करती है। ये बयान पार्टी की स्थिति या विचारधारा को नहीं दर्शाते हैं। हम शांति, एकता और सांप्रदायिक सौहार्द के लिए प्रतिबद्ध हैं। शांति, एकता और सांप्रदायिक सद्भाव के प्रति हमारी प्रतिबद्धता अटूट बनी हुई है। पश्चिम बंगाल के सामाजिक ताने-बाने को खतरा पहुंचाने वाली किसी भी टिप्पणी को लेकर सख्त कार्रवाई की जाएगी।


### 'जिन्ना के वंशज हैं फिरहाद हकीम', अब अधीर चौधरी का विवादित बयान

**मुर्शिदाबाद/कोलकाता :** राज्य के शहरी विकास मंत्री व कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम के कथित विवादित बयान को लेकर जहां हंगामा बरपा है और पार्टी के भीतर से लेकर बाहर तक उनके बयानों की निंदा हो रही है। वहीं, फिरहाद हकीम के कथित विवादित बयान को लेकर कांग्रेस नेता व पूर्व सांसद अधीर चौधरी के बयान से नया बखेड़ा खड़ा हो गया है। अधीर चौधरी ने फिरहाद हकीम को जिन्ना का वंशज बताकर उनका मजाक उड़ाया। अधीर ने कहा कि जिन्ना चले गए, अपने पीछे अपनी संतान छोड़ गए। अधीर ने आगे कहा कि 2019 में, वह मेरे खिलाफ प्रचार करने आए थे, मुस्लिम इलाकों में गए और उन्हें भड़काया। उनकी यही मानसिकता है। वे जिन्ना के वंशज हैं। मुहम्मद अली जिन्ना स्वयं पाकिस्तान गये और अपने वंशजों को यहां छोड़ दिया। जिन्ना की वंशावली के सबसे चमकते सितारे का नाम हकीम साहब है। फिरहाद को संबोधित करते हुए अधीर ने कहा कि उन्हें पार्टी से बाहर कर देना चाहिए।

## अवैध निर्माण को रोकने के लिए राज्य ने विशेष कमेटी बनाकर तय की गाइडलाइन

### बिल्डिंग प्लान मंजूरी में पारदर्शिता लाने के लिए केएमसी ला रही नए नियम

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के शहरी क्षेत्रों में भवन योजनाओं की मंजूरी में पारदर्शिता लाने के लिए नगर निगम नए नियम ला रही है। नए नियम पार्षदों की भवन योजनाओं को मंजूरी देने की शक्तियों को कम कर देते हैं और नगर निगम अधिकारियों को अधिक जिम्मेदारी देते हैं। यह बात शहरी एवं नगर विकास विभाग ने कही है। नगर विकास विभाग के सूत्रों के मुताबिक, अगर यह नियम लागू हो गया, तो पार्षदों के खिलाफ कोई शिकायत



नहीं आएगी। अधिकारियों को तलब किया जा सकता है। राज्य सरकार ने कानून में संशोधन कर गजट अधिसूचना प्रकाशित कर दी है। अधिसूचना में कहा गया है कि निर्माण कार्य के क्षेत्र में अब कोई 'बोर्ड ऑफ काउंसिलर्स' नहीं है। अब विशेष समिति अनुमति देगी।

राज्य सरकार ने पहले ही कानून में संशोधन कर इसके कार्यान्वयन के लिए गजट अधिसूचना प्रकाशित कर दी है। अधिसूचना में कहा गया है कि अब से नगर निगम क्षेत्र में भवन निर्माण योजनाओं को मंजूरी देने का अधिकार पार्षद बोर्ड के बजाय नगर निगम अधिकारियों और पदाधिकारियों वाली एक विशेष समिति को दिया जा रहा है। भवन योजनाओं को मंजूरी देने में पार्षदों की कोई सीधी भूमिका नहीं होगी। नगर पालिका के पदेन अधिशाषी अधिकारी उस समिति के संयोजक होंगे। समिति के अध्यक्ष नगर पालिका अध्यक्ष होंगे। कमेटी में उपाध्यक्ष के अलावा वित्त अधिकारी और इंजीनियर होंगे। अधिसूचना में कहा गया है कि इसके अलावा, 'बोर्ड ऑफ काउंसिलर्स' द्वारा नामित एक पार्षद होगा। नियमों में बदलाव की वजह के बारे में कोलकाता नगर निगम ने कहा कि राज्य सरकार शहरों से लेकर गांवों तक बिल्डिंग प्लान को मंजूरी देने में पारदर्शिता लाने के लिए नए नियम ला रही है।गांवों में मध्यनगर पालिका या पूर्णिगम होती है। यह नियम वहां भी लागू है। यह नया नियम शहर के मामले में कोलकाता नगर निगम पर भी लागू है। अब से योजना अनुमोदन में पार्षदों की भूमिका बंद हो जाएगी। सरकारी अधिकारी योजना पर विचार कर मंजूरी देंगे। नगर पालिका अध्यक्ष समिति के अध्यक्ष होंगे। उपाध्यक्ष एवं वित्त अधिकारी एवं इंजीनियर रहेंगे।

### जोड़ासांको में रात में बर्थडे पार्टी, सुबह युवक का जला शव बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** बड़ाबाजार के जोड़ासांको इलाके में एक युवक की जलने से मौत हो गयी है। पुलिस के मुताबिक, युवक ने रात में अपने जन्मदिन के मौके पर एक पार्टी का आयोजन किया था और अगली सुबह उसका जला हुआ शव घर से बरामद हुआ। आग कैसे लगी, युवक कैसे झुलसा, इसकी जांच की जा रही है। अभी तक इस संबंध में किसी ने पुलिस में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है। अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मृत युवक का नाम प्रशांत पांडे उर्फ शिवम (25) है। वह रवीन्द्र सरणी का रहने वाला है। सोमवार की सुबह करीब 10.18 बजे जोड़ासांको थाने में सूचना मिली कि प्रशांत घर में बेहोश पड़ा है। उसके शरीर पर जलने के निशान भी हैं।

### आज मुख्यमंत्री ममता गंगासागर मेला की तैयारियों पर करेंगी समीक्षा बैठक

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मंगलवार को आगामी गंगासागर मेले की तैयारियों की समीक्षा के लिए एक बैठक करने वाली हैं। आज राज्य सचिवालय नवान्न में होने वाली इस बैठक में कम से कम 17 विभागों के मंत्रियों और अधिकारियों के शामिल होने की संभावना है, जिन्हें अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के लिए कहा गया है। मथुरापुर लोकसभा सांसद बापी हलदर, पूर्व राज्यसभा सदस्य सुभाशीष चक्रवर्ती और दक्षिण 24 परगना जिला सभाधिपति नीलिमा मिस्त्री के भी बैठक में शामिल होने की संभावना है। सूत्र ने बताया कि मुख्यमंत्री गंगासागर मेले की तैयारियों की समीक्षा करेंगी। वरिष्ठ अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के लिए कहा गया है। बैठक में सार्वजनिक स्वास्थ्य और इंजीनियरिंग (पीएचई), सिंचाई, बिजली, खाद्य, आपदा प्रबंधन और पंचायत जैसे विभागों का प्रतिनिधित्व होगा।


**CHANGE OF NAME**

I, Army No. 8035730F, Rank- HAV (HK), M. Kalimuthu permanent Resident of Village- 110 Therkkuchandanur, Post- S Karaikudi, Teh- Manamadurai, Dist.- Sivaganga, State-Tamilnadu, Pin: 623606. I have changed my daughter's Name from K Lavanyah to Lavanyah K by Vide affidavit Before the Notary Public Govt. Of India S.M Hassan at Kolkata dated- 06.12.2024

**CHANGE OF NAME**

I, MES No. 204277 Rank- Elect (SK) Pankaj Kumar Ray residing at 9/2, Ashutosh Mukherjee Road, Bhowanipur L.R.Sarani, Kolkata- 700020. I have changed my wife's Name from Anju Ray to Anju Mondal and D.O.B- 04/04/1989 by Vide affidavit Before the Notary Public T.K Dey at Alipore dated- 17.05.2024. that Anju Mondal and Anju Ray both are same and one identical person.

**CHANGE OF NAME**

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा में कॉलेज की परीक्षा के दौरान सोमवार को स्वपन कोले की बरसी पर एसएफआई कार्यकर्ता कॉलेज में शहीद दिवस मनाने पहुंच गए। जिसके बाद टीएमसीपी और एसएफआई कार्यकर्ताओं के बीच जमकर हंगामा हुआ। इस दौरान एसएफआई नेता दिप्सिता धर ने कहा कि, ''हमने कॉलेज में प्रवेश नहीं किया क्योंकि परीक्षा चल रही थी। नहीं, तो हम गेट तोड़कर कॉलेज में घुस जाते। इस टिप्पणी को लेकर भी काफी विवाद शुरू हो गया। सोमवार को आंदुल कॉलेज में कलकत्ता विश्वविद्यालय के विभिन्न विषयों की आंतरिक परीक्षा चल रही थी। उसी दिन उस कॉलेज में इग्नू की परीक्षा भी चल रही थी। परीक्षा निर्धारित समय पर शुरू हुई और उसी समय हावड़ा जिले के एसएफआई कार्यकर्ता और समर्थक उस कॉलेज के सामने उपस्थित हुए। स्वपन कोले उसी कॉलेज का छात्र था। 2009 में उस कॉलेज में एसएफआई और टीएमसीपी के बीच जमकर विवाद हुआ था और एसएफआई कार्यकर्ता स्वपन की जान चली गई, इसलिए वहां शहीद दिवस मनाया जाता है। बताया जा रहा है कि एसएफआई ने इस कार्यक्रम के लिए कॉलेज के प्रिंसिपल को एक ज्ञापन भी सौंपना था। नेता दिप्सिता धर खुद वहां मौजूद थी। परीक्षा के लिए उस दिन कॉलेज का मुख्य द्वार बंद कर दिया गया था। जिस कारण दिप्सिता कॉलेज में प्रवेश नहीं कर सकीं। कॉलेज के बाहर जोरदार प्रदर्शन और नारेबाजी शुरू हो गई। दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। परीक्षार्थियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। उस कॉलेज के राजनीति विज्ञान के छात्र सुदीप्त माजी ने शिकायत की कि उन्हें कॉलेज में प्रवेश नहीं करने दिया गया। मौके पर सांकराइल थाने की पुलिस पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। बाद में, एसएफआई ने कॉलेज के बाहर शहीदी दिवस मनाया। उन्होंने कुछ देर के लिए हावड़ा-अंदुल रोड को भी जाम कर दिया। दीप्सिता ने पूरी घटना के लिए टीएमसीपी को जिम्मेदार ठहराया है। इस बीच, हावड़ा सदर जिला टीएमसीपी के महासचिव अभिज्ञान माझी ने आरोप लगाया कि दिप्सिता धर के नेतृत्व में बाहरी लोग कॉलेज के बाहर एकत्र हुए। कॉलेज के बाहर ममता बनर्जी, अभिषेक बनर्जी की तस्वीरें भी फाड़ दी गईं।

# भवसागर से पार कराती है भागवत कथा : पं. मालीराम शास्त्री

**माहेश्वरी भवन रिसड़ा में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ**



**हावड़ा, समाज्ञा :** भागवत में स्वयं भगवान विराजमान हैं और जैसा कि कहा गया है कि हरि अनंत हरि कथा अनंता.... तो इस कथा को कुछ समय या संक्षेप में कह पाना संभव है ही नहीं। ज्ञान, भक्ति और वैराग्य का मार्ग प्रशस्त करने वाली भागवत कथा ही जीव को इस भवसागर से पार कराने का सर्वश्रेष्ठ साधन है। यह उद्गार भागवत मर्मज्ञ पंडित मालीराम शास्त्री ने सोमवार को रिसड़ा के माहेश्वरी भवन मे संतोष कुमार कंदोई के यजमानत्व में आयोजित श्रीमदभागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि ऐसा भी विश्वास है कि गया श्राद्ध के बाद भी अगर किसी की मुक्ति न हो तो भागवत कथा के माध्यम से निश्चित ही मुक्ति संभव है। पंडित शास्त्री ने कहा कि ईश्वर की असीम कृपा के बिना ऐसे आयोजन असंभव हैं और इस पर भी भागवत कथा का आयोजन तो परम सौभाग्य की बात है।

उन्होंने कहा कि भागवत कथा का आयोजन, वाचन और श्रवण तीनों ही परम कल्याणकारी हैं और इसके आयोजक, कथा व्यास और श्रवणकर्ता तीनों को इसका अनन्त गुणा फल की प्राप्ति होती है ऐसा मेरा पक्का विश्वास है। प्रथम दिवस की कथा को विस्तार देते हुए पंडित शास्त्री ने श्रीमद्भागवत कथा के महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि इस कथा के श्रवण का जो दुर्लभ अवसर हमें मिला है उसका हमें भरपूर लाभ उठाना चाहिए तथा औरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। यह कथा 22 दिसंबर तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगी।

## पाकुड़िया ब्रिज के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा डोमजूर के पाकुड़िया ब्रिज के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। व्यक्ति की पहचान नहीं हो पायी है। बताया जा रहा है कि स्थानीय लोगों ने शव को देखते ही तुरंत पुलिस को सूचित किया। मौके पर डोमजूर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। यह शव ब्रिज के पास कैसे आया। इसका पता नहीं चल पाया है। व्यक्ति की मौत हत्या से हुई या फिर किसी दुर्घटना से, इसकी जांच की जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बांग्लादेश में अल्पसंख्यक पर हो रहे जुल्म के खिलाफ मुखर हुई कांग्रेस



**हुगली, समाज्ञा :** बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ अब कांग्रेस भी मुखर हो रही है। रिसड़ा 10 नंबर वार्ड कांग्रेस कमिटी की तरफ से एक पथ सभा का आयोजन किया गया। रिसड़ा शहर कांग्रेस के महासचिव विनीत दीक्षित ने केंद्र सरकार पर चौतरफा प्रहार करते हुए कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार पर चुप्पी साढ़े बैठी है। गृह युद्ध का माहौल बन रहा था। यह देश गृहमंत्री की विफलता है। अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ केंद्र सरकार को कोई ठोस कदम उठाने चाहिए। भारत की वजह से ही बांग्लादेश बना था और पश्चिमी पाकिस्तानी हुकूमत से पूर्व पाकिस्तान को आजादी मिली थी।

## न्यूज इन ब्रीफ

### पंजाब में आतंकवादी अर्श डल्ला के चार गुर्गे गिरफ्तार

**चंडीगढ़ :** पंजाब पुलिस ने सोमवार को कहा कि उसने कनाडा में रह रहे आतंकवादी अर्श डल्ला और एक अन्य विदेशी हैंडलर के चार गुर्गों को गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से तीन पिस्तौल व 16 कारतूस बरामद किए हैं। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार लोगों की पहचान गगनदीप सिंह, नवजोत सिंह उर्फ निशु, लखविंदर सिंह और विपनप्रीत सिंह के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि गगनदीप और नवजोत फतेहगढ़ साहिब के अमलोह के रहने वाले हैं, जो वर्तमान में खरड़ में किराये के मकान में रह रहे थे, जबकि लखविंदर पटियाला और विपनप्रीत फरीदकोट का निवासी है। यादव ने बताया कि आरोपियों ने कबूल किया है कि उन्होंने इस वर्ष एक और दो दिसंबर की मध्यरात्रि को मोहाली के फेज-11 स्थित कार शोरूम पर गोलीबारी की थी, जिसका उद्देश्य इसके मालिक को डराना और उससे रंगदारी वसूलना था।

### केंद्रीय योजनाओं को 'आंख मूंदकर' लागू नहीं किया जाना चाहिए : झारखंड की मंत्री

**मेदिनीनगर :** झारखंड की कृषि मंत्री नेहा शिल्पी तिर्की ने सोमवार को कहा कि केंद्रीय योजनाओं को राज्य में तब तक ''आंख मूंदकर'' लागू नहीं किया जाना चाहिए, जब तक कि उनके क्रियान्वयन के दौरान उत्पन्न होने वाली चुनौतियों का समाधान नहीं हो जाता। एक उदाहरण देते हुए तिर्की ने दावा किया कि भूमि अभिलेखों का डिजिटलीकरण झारखंड के हित में नहीं है और उन्होंने इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से चर्चा की है। मंत्री ने कहा कि उन्होंने विधानसभा में भी इसका विरोध किया था, खासकर अधिसूचित क्षेत्रों में इसके कार्यान्वयन के संबंध में। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, 'भूमि अभिलेख दस्तावेज (खतियान) बहुत खराब स्थिति में हैं, और इससे कई सामाजिक समस्याएं पैदा होती हैं।' तिर्की ने कहा, 'भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण के बावजूद, कई लोगों को अभी भी रसीदें नहीं मिली हैं, जिससे और जटिलताएं पैदा हुई हैं।'

# उत्तर प्रदेश में नकली दवाइयों के निर्माण तथा विक्रय पर सरकार रोक लगाएगी: योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि सरकार नकली दवाइयों के निर्माण तथा विक्रय पर रोक लगायेगी। शीतकालीन सत्र के पहले दिन प्रश्नकाल के दौरान जसराना के विधायक सचिन यादव उर्फ जखई के तारांकित प्रश्न के लिखित उत्तर में योगी आदित्यनाथ ने यह जानकारी दी। यादव ने यह प्रश्न किया था कि क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि नकली दवाइयों के निर्माण तथा विक्रय पर सरकार रोक लगायेगी? उन्होंने पूछा था कि क्या सरकार प्रदेश में नकली दवाइयों के कारोबार की रोकथाम हेतु उठाये गये कदमों तथा उक्त में लिप्त दोषियों के विरूद्ध की गई कार्रवाई का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? लिखित जवाब में योगी ने कहा कि सरकार नकली दवाइयों के निर्माण तथा विक्रय पर रोक लगायेगी। उन्होंने कहा कि नकली औषधियों के कारोबार की रोकथाम हेतु खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा प्रदेश में 24,492 (22151 निरीक्षण एवं 2341 छापे) कार्यवाहियां की गयीं। मुख्यमंत्री के अनुसार कहा कि इसमें कुल 26,225 नमूने संग्रहित किये गये जिसमें 301 नकली औषधियों के प्रकरण पाये गये। इसके लिए 19 करोड़ 76 लाख पांच हजार आठ सौ रुपये अनुमानित मूल्य की औषधियों को जब्त किया गया तथा 250 नकली औषधियों के मामलों में अदालत में वाद दायर किया गया। शेष 51 नकली औषधि मामले विचाराधीन हैं। योगी का कहना था कि मामलों में 27 प्राथमिकी दर्ज कराकर 60 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। कांग्रेस दल नेता आराधना मिश्रा मोना एवं विनोद चतुर्वेदी के एक प्रश्न के उत्तर में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लिखित जवाब में कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर 'एलोपैथिक' चिकित्सकों के सृजित कुल 7882 पदों के सापेक्ष वर्तमान 6997 चिकित्सक कार्यरत हैं और इनमें 885 पद रिक्त हैं।

### झारखंड: झामुमो के वरिष्ठ नेता विजय कुमार सिंह का निधन



**दुमका :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के वरिष्ठ नेता विजय कुमार सिंह का लंबी बीमारी के बाद सोमवार सुबह दुमका के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 78 वर्ष के थे। पेशे से वकील सिंह झामुमो की केंद्रीय समिति के महासचिव और संथाल परगना प्रमंडल में पार्टी के मुख्य संयोजक थे। दुमका के कुम्हारपाड़ा स्थित सिंह के आवास पर पार्थिव शरीर ले जाए जाने के बाद बड़ी संख्या में लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा, आदरणीय बाबा के आंदोलन के साथी, वरिष्ठ अधिवक्ता, झामुमो परिवार के स्तंभ और मेरे अभिभावक विजय सिंह जी के निधन की खबर सुनकर मुझे गहरा दुख हुआ।

## बिहार: बीपीएससी ने प्रारंभिक परीक्षा फिर से कराने का आदेश दिया


**पटना :** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने पटना के कुम्हरार में बापू परीक्षा केंद्र में प्रारंभिक परीक्षा फिर से परीक्षा कराने का सोमवार को आदेश जारी किया। बापू परीक्षा केंद्र में 13 दिसंबर को आयोजित परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों ने कथित रूप से प्रश्नपत्र लीक होने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया था। केंद्र में करीब 6,500 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। केंद्र के बाहर विरोध प्रदर्शन के दौरान ड्यूटी पर तैनात एक अधिकारी की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी। आयोग के अध्यक्ष परमार रवि मनुभाई ने कहा, बीपीएससी ने 13 दिसंबर को पटना के कुम्हरार में बापू परीक्षा केंद्र पर आयोजित अपनी प्रारंभिक परीक्षा रद्द करने का निर्णय लिया है। साजिश के तहत उपद्रवी अभ्यर्थियों के एक समूह द्वारा व्यवधान उत्पन्न किया गया था। आयोग जल्द ही बापू परीक्षा केंद्र में आयोजित परीक्षा के लिए नई तिथि की घोषणा करेगा। उन्होंने कहा, 13 दिसंबर को परीक्षा में शामिल हुए लगभग 6500 छात्र फिर से परीक्षा में शामिल होंगे।

## प्रधानमंत्री का जिस दिन आदेश होगा, तत्काल मंत्री पद से इस्तीफा दे दूंगा: आशीष पटेल



**लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दल अपना दल (एस) के वरिष्ठ नेता एवं उत्तर प्रदेश सरकार के प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने अपने विभाग में पदोन्नति में कथित अनियमितता के मामले को लेकर अपनी 'राजनीतिक हत्या' की साजिश का आरोप लगाते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जिस दिन आदेश होगा वह तत्काल मंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे। प्राविधिक शिक्षा विभाग में 100 से अधिक व्याख्याताओं को नियम के खिलाफ पदोन्नत करने से आरक्षित वर्ग के वंचित रह जाने के आरोपों के बीच रविवार देर रात सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर आशीष पटेल ने यह प्रतिक्रिया दी। सोमवार से शुरू राज्य विधानमंडल के सत्र के बीच राजग के घटक दल के कोटे से आने वाले मंत्री के इस बयान से राजनीतिक हलचल तेज हो गयी है। अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के पति आशीष पटेल ने रविवार देर रात 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा, 'मीडिया और सोशल मीडिया पर मेरी 'राजनीतिक हत्या' की साजिश के तहत तथ्यहीन और बेबुनियाद आरोप लगाए जा रहे हैं। मेरे मंत्रित्व काल में प्राविधिक शिक्षा विभाग में वंचित वर्ग से आने वाले कर्मियों के हितों की रक्षा को लेकर उठाए गए कदमों का पूरे उत्तर प्रदेश को पता है।'

## पुरानी प्रणाली ने छात्रों पर बोझ डाला और नये विचारों को दबा दिया : मनोज सिन्हा



**गोंडा (उप्र) :** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को छात्रों से अपने मन से संतोष की भावना को खत्म करने का आग्रह करते हुए इसे उज्ज्वल भविष्य प्राप्त करने में एक महत्वपूर्ण बाधा बताया। सिन्हा ने सोमवार को श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज में मेधावी छात्रों को सम्मानित करने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। पूर्व सांसद सत्यदेव सिंह की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सिन्हा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) की प्रशंसा की, जिसमें छात्रों के लिए उनकी रुचियों, क्षमताओं और योग्यताओं के अनुरूप विषयों को चुनने के लिए जिज्ञासा और लचीलेपन को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। सिन्हा ने कहा, अगर भारत के महान गणितज्ञ रामानुजन को उनके पसंदीदा विषयों का अध्ययन करने की अनुमति नहीं दी गई होती, तो शायद दुनिया उन्हें महान गणितज्ञ के रूप में नहीं जान पाती। उन्होंने शिक्षकों से छात्रों की रचनात्मकता को बढ़ावा देने और अतीत की बाधाओं से आगे बढ़कर उन्हें मौलिक विचारों को आकार देने और 20वीं सदी के वैज्ञानिकों की उपलब्धियों को पार करने में मदद करने का आग्रह किया। सिन्हा ने भारत को वैश्विक स्तर पर ऊपर उठाने के लिए विज्ञान और सांस्कृतिक मूल्यों के संयोजन के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

## लेखपाल की हत्या के आरोप में दो आरोपी गिरफ्तार

**बरेली (उप्र) :** बरेली में एक लेखपाल की हुई हत्या के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अनुराग आर्य ने बताया कि 27 नवंबर से लापता लेखपाल मनीष कश्यप (45) का क्षत-विक्षत शव रविवार को छावनी क्षेत्र के बभिया गांव में एक नाले के पास मिला था। आर्य ने बताया कि इस मामले में रविवार को ही गिरफ्तार ओमवीर उर्फ अवधेश और उसके रिश्तेदार नन्हे कश्यप ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया है कि उन्होंने 27 नवंबर को चार लाख रुपये की फिरौती के लिए मनीष का अपहरण किया था। एसएसपी ने बताया कि बरामद शव मनीष का है लेकिन वैज्ञानिक पुष्टि के लिए उसका डीएनए परीक्षण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि ओमवीर को मनीष पहले से जानता था। आर्य ने बताया कि ओमवीर हाल ही में जेल से रिहा हुआ था और आर्थिक संकट से जूझ रहा जिसकी वजह से उसने कश्यप का अपहरण करने और बाद में उसकी हत्या करने की योजना बनाई।

## न्यूज अपडेट

### राहुल गांधी से जुड़े मानहानि मामले में सुनवाई टली, दो जनवरी को अगली सुनवाई

**सुलतानपुर :** उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर में सांसद-विधायक (एमपी/एमएलए) की विशेष अदालत में न्यायाधीश के अवकाश पर होने के कारण कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि मामले में सोमवार को सुनवाई टल गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस मामले की अगली सुनवाई अब दो जनवरी, 2025 को होगी। इससे पहले, चार दिसंबर को राहुल के वकील के बीमार होने के कारण सुनवाई टल गई थी। शिकायतकर्ता के वकील संतोष कुमार पांडे ने कहा, 'सोमवार को एक गवाह बयान दर्ज कराने के लिए अदालत में मौजूद था, लेकिन न्यायाधीश के छुट्टी पर होने के कारण कोई कार्यवाही नहीं हो सकी।'

### जयपुर में कोचिंग क्लास में छात्रों के बेहोश होने का मामला: इमारत अस्थाई तौर पर सील

**जयपुर :** जयपुर ग्रेटर नगर निगम ने उस इमारत को सोमवार को अस्थाई तौर पर जांच के लिए सील कर दिया जिसमें पढ़ रहे कुछ छात्र-छात्राएं रविवार को अचानक बेहोश हो गए थे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यहां गोपालपुरा बाईपास पर स्थित इस संस्थान में पढ़ रहे कुछ छात्र-छात्राओं ने अचानक सांस लेने में परेशानी होने व तेज सिरदर्द की शिकायत की थी। राजस्थान मानवाधिकार आयोग ने जहां सम्बद्ध कोचिंग संस्थान के खिलाफ कार्रवाई करने और पीड़ितों को मुफ्त इलाज और मुआवजा देने की सिफारिश की है, वहीं पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य सरकार से कोचिंग संस्थानों को प्रताप नगर स्थित नवनिर्मित कोचिंग हब में स्थानांतरित करने की मांग की है। घटना से आक्रोशित छात्र धरने पर बैठ गए। नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के नेता भी धरने में शामिल हुए। आक्रोशित छात्रों ने जब गोपालपुरा रोड को जाम करने की कोशिश की तो पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया और एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़ और अन्य को हिरासत में ले लिया। रविवार शाम हुई इस घटना में कोचिंग संस्थान की क्लास में बैठे सात विद्यार्थी बेहोश हो गए और कुछ अन्य बीमार पड़ गए। उन्हें अचानक सांस लेने में तकलीफ और तेज सिरदर्द की शिकायत हुई। इसको लेकर अफरा-तफरी मच गई और छात्र आनन-फानन में इमारत से बाहर निकल गए। बेहोश विद्यार्थियों को पास के अस्पताल ले जाया गया।

### हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व जिलाध्यक्ष समेत हत्या के चार आरोपियों पर इनाम घोषित

**शाहजहांपुर :** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में एक युवक की दिनदहाड़े हत्या करने के मामले में वांछित हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व जिला अध्यक्ष समेत चार आरोपियों के घरों पर नोटिस चस्पा करने के बाद अब उन पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक राजेश एस. ने सोमवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि दो दिसंबर को कैंट स्थित रामलीला मैदान में किसी बात को लेकर कहासुनी होने के बाद आयुष गुप्ता (25) नामक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में 13 आरोपियों के खिलाफ नामजद और अनेक अन्य अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि इस हत्याकांड में एक के बाद एक कई वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। आरोपियों में से 11 को पुलिस ने गिरफ्तार का जेल भेज दिया था।

### उत्तर प्रदेश जिला योजना समिति (संशोधन) विधेयक समेत आठ विधेयक विधानसभा में पेश

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को उत्तर प्रदेश जिला योजना समिति (संशोधन) विधेयक-2024 और उत्तर प्रदेश श्रम कल्याण निधि (संशोधन) विधेयक-2024 समेत आठ विधेयक सदन में पेश किए गए। प्रस्तावित विधेयक के मसौदे के अनुसार जिला योजना समिति की बैठकों में ग्राम प्रधान भी शामिल होंगे। इसमें यह व्यवस्था दी गई है कि जिले की दो ग्राम पंचायतों के प्रधानों को एक साल के लिए समिति में स्थायी आमंत्रित सदस्य बनाया जाएगा। प्रस्तावित विधेयक में कहा गया है कि हर साल हिंदी वर्णमाला क्रम के आधार पर दो विकास खंडों (ब्लॉक) का चयन किया जाएगा। इन ब्लॉक से सर्वाधिक जनसंख्या वाली दो ग्राम पंचायतें चयनित की जाएंगी और उनके प्रधान जिला योजना समिति का हिस्सा बनेंगे। हर वर्ष यह क्रम तब तक चलता रहेगा जब तक सभी ब्लॉक की भागीदारी नहीं हो जाती। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व में ग्राम प्रधानों को भी बैठक में शामिल किए जाने की घोषणा की थी।



## सुबह उठते ही हर व्यक्ति को जरूर करना चाहिए ये एक काम

हमारे ऋषि-मुनियों ने सदियों से सुबह उठकर हथेली दर्शन का विधान बताया है। मान्यता है कि हमारे हाथों में देवी-देवताओं का निवास होता है। सुबह उठकर हथेली दर्शन करने से इन देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है और व्यक्ति के जीवन में सुख-समृद्धि आती है। शास्त्रों के अनुसार, हाथों में कई तीर्थ भी होते हैं, जिनका दर्शन करने से पापों का नाश होता है। हथेली दर्शन करने से व्यक्ति की ग्रह दशा सुधरती है, मन शांत होता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इस प्रकार, यह एक सरल सा साधन है जिसके माध्यम से हम अपने जीवन को सकारात्मक बना सकते हैं। इसके लिए आपको सुबह उठकर बस अपने हाथों का दर्शन करना होता है और उसके साथ कुछ खास नियमों का पालन करते हुए मंत्र का जाप करना होता है। आइए इस लेख में इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।

### क्या है मंत्र?

माना जाता है कि जब हम सुबह उठकर तुरंत अपनी दोनों हथेली को एक साथ मिलाकर पुस्तक की तरह खोल लें और उसका दर्शन करें, और साथ में इस मंत्र का जाप करते हैं तो पूरा दिन अच्छा जाता है।

**कराग्रे बसते लक्ष्मी: करमध्ये सरस्वती ।**
**करमूले तु गोविन्द: प्रभाते करदर्शनम ।।**

यह श्लोक हमारे हाथों के अग्रभाग में माता लक्ष्मी, मध्य भाग में माता सरस्वती और मूल भाग में भगवान विष्णु के निवास होने का वर्णन करता है। सुबह उठकर इनका दर्शन करने का अर्थ है कि हम इन देवताओं को प्रणाम कर रहे हैं और उनका आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। यह श्लोक हमें धन, विद्या और



भगवत कृपा प्राप्त करने की कामना करता है। अर्थात यह श्लोक हमारे जीवन में धन, विद्या और आध्यात्मिक उन्नति की कामना करता है। सुबह उठकर इस श्लोक का जाप करने से व्यक्ति सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है और उसके सभी कार्य सिद्ध होते हैं।

### कर्म की भावना है निहित

हथेली दर्शन का मूल भाव सिर्फ एक धार्मिक अनुष्ठान भर नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन के प्रति एक सकारात्मक दृष्टिकोण को दर्शाता है। जब हम अपनी हथेलियों को देखते हैं, तो हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि हम ऐसे कर्म करें जिनसे हमें धन, सुख और ज्ञान प्राप्त हो। यह हमें अपने कर्मों पर विश्वास करने और सदाचार का पालन करने के लिए प्रेरित करता है। साथ ही, यह हमें दूसरों की सेवा करने के लिए भी प्रोत्साहित करता है।

हथेली दर्शन का एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह हमें भगवत चिंतन की ओर ले जाता है। जब हम अपने हाथों को देखते हैं, तो हम समझते हैं कि हमारे सभी कार्य हमारे हाथों से ही होते हैं। यह हमें पराश्रित न रहकर अपनी मेहनत से जीविका कमाने के लिए प्रेरित करता है। जब हम विश्वास के साथ अपने हाथों को देखते हैं, तो हमें यह विश्वास हो जाता है कि हमारे शुभ कर्मों में देवता भी हमारा साथ देंगे। यह हमें अपने कर्मों के प्रति जागरूक बनाता है और हमें सफलता की ओर अग्रसर करता है।

## साल की आखिरी एकादशी पर इस विधि से करें पूजा, हर कार्य में मिलेगी सफलता



साल में 24 एकादशी का व्रत रखा जाता है, जो सभी भगवान विष्णु को समर्पित है। एकादशी व्रत हर माह के शुक्ल और कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि पर रखा जाता है, जो हर माह में दो बार आती हैं। मान्यताओं के अनुसार सभी एकादशी अपना विशेष महत्व रखती हैं, परंतु सफला को सबसे प्रमुख माना गया है।

पंचांग के अनुसार पौष माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी को सफला एकादशी का व्रत रखा जाता है। इस साल 26 दिसंबर 2024 को सफला एकादशी का व्रत रखा जा रहा है। इस दिन सृष्टि के संचालक भगवान विष्णु की आराधना करने पर सभी कार्यों में सफलता हासिल होती हैं।

कहते हैं कि सफला एकादशी पर लंबे समय से रुके हुए कार्यों को करने पर उनमें सफलता अवश्य मिलती हैं। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार सफला एकादशी अपने में ही सफलता के अर्थ से परिपूर्ण है, इस तिथि पर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की उपासना से साधक को हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त होती है। ऐसे में आइए इस दिन की पूजा विधि के बारे में जानते हैं।

### सफला एकादशी तिथि 2024

पौष माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि की शुरुआत 25 दिसंबर 2024 को रात 10 बजकर 29 मिनट पर होगी। इस तिथि का समापन 27 दिसंबर को रात 12 बजकर 43 मिनट पर होगा। उदयातिथि के अनुसार 26 दिसंबर 2024 को सफला एकादशी का व्रत रखा जाएगा।

### शुभ योग

पंचांग के अनुसार 26 दिसंबर 2024 को सफला एकादशी के दिन सुकर्मा योग का निर्माण हो रहा है, जो रात 10 बजकर 23 मिनट पर समाप्त होगा। सफला एकादशी पर स्वाती नक्षत्र भी बनेगा, जो 18:09 मिनट तक रहेगा। इस दिन अभिजित मुहूर्त दोपहर 12:01 से 12:42 मिनट तक है।

### सफला एकादशी पूजा मुहूर्त

सफला एकादशी पर पूजा का शुभ मुहूर्त सुबह 7 बजकर 12 मिनट से सुबह 8 बजकर 30 मिनट तक रहेगा। आप इस अवधि में भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा कर सकते हैं।

### पूजा विधि

- सफला एकादशी के दिन पूजा करने के लिए एक चौकी लें।
- चौकी पर भगवान विष्णु की मूर्ति या फोटो को स्थापित करें।
- भगवान विष्णु को पीले फूल, फल, धूप, दीप और चंदन अर्पित करें
- दूध, दही, घी, शहद और चीनी से तैयार पंचामृत का भोग लगाएं।
- पंचामृत में तुलसी जरूर डालें।
- अब विष्णु जी के मंत्रों का जाप करें।
- एकादशी व्रत कथा का पाठ करें।
- अंत में भगवान विष्णु की आरती करके पूजा में हुई भूल की क्षमा मांगे।

## पौष माह आरम्भ, जानिए महत्व और इस माह क्या करने से मिलते हैं शुभ फल

हिंदू पंचांग के अनुसार पौष माह साल का दसवां महीना होता है जो मार्गशीर्ष पूर्णिमा के बाद शुरू होता है। वैदिक पंचाग के अनुसार, इस साल पौष माह की शुरुआत 16 दिसंबर से होगी। इस महीने को धर्म, तप, उपवास और साधना का विशेष समय माना गया है। पौष मास को छोटा पितृ पक्ष भी कहा जाता है इसलिए इस माह में पितरों के लिए तर्पण, गंगा स्नान और दान करना शुभ माना जाता है। धार्मिक और पौराणिक दृष्टि से पौष माह का महत्व इस प्रकार है।

### 1. सूर्योपासना का समय

पौष माह में सूर्य का पूजन विशेष महत्व रखता है। इस महीने में सूर्य देवता की पूजा से जीवन में प्रकाश, ऊर्जा और सफलता प्राप्त होती है। सूर्यदेव को समर्पित रविवार के व्रत को पौष माह में अत्यधिक फलदायी माना गया है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, पौष माह में सूर्य को अर्घ्य देने से पापों का नाश होता है और व्यक्ति को स्वास्थ्य, धन और समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है।

### 2. तप और साधना का महीना

पौष माह को तपस्या और साधना का महीना कहा गया है। ठंड के इस समय में उपवास, ध्यान और योग करने से आत्मा की शुद्धि होती है। धार्मिक ग्रंथों में वर्णित है कि इस समय किया गया तप और ध्यान कई गुना अधिक फल प्रदान करता है। इस महीने में सुबह जल्दी उठकर स्नान और ध्यान करने का विशेष महत्व बताया गया है।

### 3. पितरों की शांति का अवसर

पौष माह में पितरों के लिए तर्पण और श्राद्ध कर्म करना अत्यंत शुभ माना जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, इस महीने में किया गया तर्पण पितरों को संतुष्टि और शांति प्रदान करता है। इस महीने में अमावस्या का दिन पितरों के लिए विशेष माना गया है, जब उनके निमित्त दान-पुण्य किया जाता है।

### 4. मांगलिक कार्यों का निषेध

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पौष माह में विवाह, गृह प्रवेश और अन्य मांगलिक कार्य निषिद्ध होते हैं। इस महीने को देवताओं के विश्राम का समय माना जाता है और इसलिए इसे धार्मिक अनुष्ठानों और पूजा-पाठ के लिए अधिक उपयुक्त समझा गया है।

### 5. दान और पुण्य का महत्व



पौष माह में दान-पुण्य का विशेष महत्व है। शास्त्रों के अनुसार, इस महीने में जरूरतमंदों को गर्म कपड़े, अनाज और अन्य आवश्यक वस्तुओं का दान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। इसे विशेष रूप से आर्थिक और सामाजिक समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण माना गया है।

### 6. भागवत कथा और सत्संग का समय

पौराणिक कथाओं के अनुसार, पौष माह में भागवत कथा, रामायण पाठ और सत्संग सुनने से व्यक्ति के पाप समाप्त होते हैं और मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। इस महीने में भगवान विष्णु और भगवान शिव की आराधना का विशेष महत्व है।

## नए साल पर गलती से भी न करें ये चार काम

नया साल जीवन में एक नई शुरुआत का प्रतीक है, और हर कोई चाहता है कि यह साल उनके लिए खुशियों और समृद्धि लेकर आए। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, कुछ कार्य नकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करती हैं और आर्थिक स्थिति पर बुरा प्रभाव डाल सकती हैं। जिस तरीके से माना जाता है कि अगर दिन की शुरूआत अच्छी होती है तो पूरा दिन बन जाता है, ठीक वैसे ही अगर साल की शुरूआत अच्छी हो तो पूरा साल बन जाता है।

**1. लड़ाई-झगड़े से बचें**

नए साल की शुरुआत में घर में किसी से भी झगड़ा या विवाद नहीं करना चाहिए। लोक मान्यताओं के अनुसार, घर में कलह होने से नकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश होता है और धन हानि होती है। इसलिए नए साल में अपने परिवार के सदस्यों और दोस्तों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखें।

**2. तामसिक भोजन से परहेज करें**

नए साल में तामसिक भोजन से परहेज करना चाहिए। तामसिक भोजन में मांस, मछली, अंडे, शराब आदि शामिल हैं। इन चीजों का सेवन करने से नकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है और आर्थिक स्थिति कमजोर होती है। इसलिए नए साल में सात्विक भोजन का सेवन करें जैसे कि फल, सब्जियां, दही, दूध आदि।

**3. धारदार चीजें न खरीदें**

नए साल में धारदार चीजें जैसे कि चाकू, कैंची आदि नहीं खरीदनी चाहिए। वास्तु शास्त्र के अनुसार, धारदार चीजें घर में नकारात्मक ऊर्जा लाती हैं और धन हानि होती है। इसलिए नए साल में धारदार चीजें खरीदने से बचें।

**4. कर्ज न लें**

नए साल में किसी से कर्ज न लें और ना ही किसी को कर्ज दें। कर्ज लेने से आर्थिक बोझ बढ़ता है और कर्ज देने से धन का नुकसान होता है। इसलिए नए साल में आर्थिक लेन-देन से बचें।

## न्यूज इन ब्रीफ

### मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिलने पर शिवसेना विधायक ने पार्टी के पदों से दिया इस्तीफा

**मुंबई :** शिवसेना विधायक नरेंद्र भोंडेकर ने महाराष्ट्र मंत्रिमंडल में शामिल न किये जाने पर निराशा व्यक्त करते हुए पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। भोंडेकर ने भंडारा जिले में रविवार को संवाददाताओं से बात करते हुए दावा किया कि उनकी पार्टी के प्रमुख एवं उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उन्हें मंत्रिमंडल में जगह देने का वादा किया था। भोंडेकर शिवसेना के उपनेता और पूर्वी विदर्भ जिलों के समन्वयक हैं। भोंडेकर ने कहा कि भंडारा जिले के संरक्षक मंत्री बनने और इसके विकास के वास्ते काम करने के लिए मंत्रिमंडल में जगह पाने की उनकी इच्छा है। उन्होंने 20 नवंबर के विधानसभा चुनाव में अपने कांग्रेसी प्रतिद्वंद्वी को 38,000 से अधिक मतों के अंतर से हराकर भंडारा निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल की थी। देवेंद्र फडणवीस नीत सरकार के पहले मंत्रिमंडल विस्तार में रविवार को महायुति के सहयोगी दलों के कुल 39 विधायकों ने शपथ ली थी, जिनमें 16 नए चेहरे शामिल हैं। दस पूर्व मंत्रियों को मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिल पाई।

### भारत में 1,065 बड़े बांध हैं जो 50 से 100 साल पुराने, 224 बांध एक सदी से अधिक पुराने: सरकार

**नयी दिल्ली :** सरकार ने सोमवार को संसद में बताया कि भारत में 1,065 बड़े बांध हैं जो 50 से 100 साल पुराने हैं जबकि 224 बांध ऐसे हैं जो एक सदी से अधिक पुराने हैं। सरकार के मुताबिक, देश में कुल 6,138 निर्मित और 143 निर्माणाधीन बांध हैं। राज्यसभा में एक लिखित सवाल के जवाब में जल शक्ति मंत्रालय में राज्यमंत्री राज भूषण चौधरी ने कहा कि सरकार ने पुराने बांधों से उत्पन्न चुनौतियों का समाधान करने और बांध की विफलताओं से उत्पन्न होने वाली आपदाओं को रोकने के लिए बांध सुरक्षा अधिनियम, 2021 लागू किया है। उन्होंने कहा कि बांध, सिंचाई और बिजली उत्पादन उद्देश्यों के अलावा बाढ़ को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय बांध सुरक्षा प्राधिकरण (एनडीएसए) और केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) द्वारा संयुक्त रूप से संकलित बड़े बांधों के राष्ट्रीय रजिस्टर (2023 संस्करण) के अनुसार, 6,138 निर्मित और 143 निर्माणाधीन बांध हैं, जो कुल मिलाकर 6,281 होते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इनमें से केवल 224 बांध 100 वर्ष से अधिक पुराने हैं और 1065 बड़े बांध हैं जो 50 से 100 वर्ष पुराने हैं।

### राज्यसभा में छह नये सदस्यों ने ली शपथ

**नयी दिल्ली :** राज्यसभा में राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष रेखा शर्मा एवं उद्योगपति सना सतीश बाबू सहित छह नवनिर्वाचित सदस्यों ने सोमवार को उच्च सदन के सदस्य के रूप में शपथ ली। भाजपा की सदस्य शर्मा तथा तेलुगु देशम पार्टी के बाबू पिछले सप्ताह क्रमश: हरियाणा और आंध्र प्रदेश से निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। सोमवार को शपथ लेने वालों में तेदेपा के बीडा मस्तान राव एवं भाजपा के रायगा कृष्णैया भी शामिल थे। दोनों सदस्य आंध्र प्रदेश से निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। भाजपा के सुजीत कुमार और तृणमूल कांग्रेस के रीताब्रत बनर्जी ने भी सदस्यता की शपथ ली।

# मां दंतेश्वरी की धरती से नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त कर देंगे - शाह




**रायपुर :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सल प्रभावित बस्तर प्रवास के दौरान लोगों को विश्वास दिलाया कि केंद्र सरकार मां दंतेश्वरी की धरती से नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त कर देगी। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अपने बस्तर प्रवास के दूसरे दिन शाह ने आज जगदपुर स्थित अमर वाटिका में नक्सली हमले में शहीद जवानों और नक्सली हिंसा से पीड़ित नागरिकों के परिजनों से मिलकर अपनी संवेदना व्यक्त की। शाह ने परिजनों से चर्चा करते हुए कहा, ''एक लम्बी और वेदनापूर्ण लड़ाई में आपने अपने परिजनों को खोया है, इस दर्द को कम नहीं किया जा सकता। केंद्र और राज्य सरकार आपके साथ हैं। शहीदों के त्याग और बलिदान को अमर बनाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार उनकी पुण्य स्मृतियों को सहेज रही है।'' उन्होंने कहा, ''आप लोगों की तरह किसी और को अपने परिजनों को न खोना पड़े। मैं नक्सली हमलों में शहीद हुए जवानों और जान गंवाने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि मां दंतेश्वरी की धरती से नक्सलवाद को पूर्णतः समाप्त कर देंगे।'' केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत सरकार की सुरक्षा एजेंसियां और पुलिस के जवान मजबूती के साथ नक्सल विरोधी मोर्चे डटे हुए हैं। पिछले एक साल की सटीक रणनीति से नक्सलवाद का दायरा सिमटा है और विभिन्न विकास कार्यों को गति देने के लिए चरणबद्ध तरीके से काम किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में नक्सल उन्मूलन अभियान को केंद्र सरकार का पूरा समर्थन और सहयोग मिल रहा है।

## उस्ताद जाकिर हुसैन की इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस से गई जान, फेफड़ों का प्रतिरोपण ही एकमात्र इलाज

**नयी दिल्ली :** प्रसिद्ध तबला वादक जाकिर हुसैन की मौत इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस के कारण हुई। फेफड़े की यह बीमारी शरीर को अत्यधिक दुर्बल बना देती है, जिसे एक प्रकार से मृत्युदंड माना जाता है। इस बीमारी का एकमात्र मुकम्मल इलाज फेफड़े का प्रतिरोपण है और वह भी यदि सही समय पर किया जाए। इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल के श्वसन एवं गहन चिकित्सा विभाग के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अवधेश बंसल ने बताया कि 'एंटी-फाइब्रोटिक दवाएं' और ऑक्सीजन बीमारी के विकराल रूप धारण करने की गति को धीमा कर सकती हैं, जिससे व्यक्ति सात-आठ साल और जी सकता है। उन्होंने कहा, ''इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस का कोई इलाज नहीं है। फेफड़े के प्रतिरोपण से निश्चित रूप से कुछ चुनिंदा रोगियों को ठीक किया जा सकता है, लेकिन इसे भी सही समय पर किया जाना चाहिए और इसमें स्थिति की गंभीरता, आयु और अन्य स्वास्थ्य कारकों को ध्यान में रखा जाना चाहिए। प्रतिरोपण का जीवनकाल भी पांच से छह वर्ष होता है।'' भारतीय परिदृश्य में बीमारी होने के बाद मरीज कम से कम 10 से 12 वर्षों तक जीवित रहते हैं। चिकित्सक ने कहा, ''लेकिन हर मरीज का शरीर और प्रणाली अलग-अलग तरीके से व्यवहार करती है और इसका कोई निश्चित नियम नहीं है।'' बंसल ने कहा कि जहां तक बीमारी के कारणों का सवाल है तो करीब 50 प्रतिशत मरीजों में इसका कारण ज्ञात नहीं है, यही कारण है कि ''इडियोपैथिक'' शब्द का प्रयोग किया जाता है। लेकिन अन्य 50 प्रतिशत मामलों में, रूमटॉइड आर्थ्राइटिस, सिस्टेमिक स्क्लेरोसिस या ल्यूपस से पीड़ित रोगियों को इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस (आईपीएफ) हो सकता है।

### संगीत, फिल्म जगत समेत विभिन्न क्षेत्रों की हस्तियों ने उस्ताद जाकिर हुसैन के निधन पर शोक प्रकट किया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, प्रसिद्ध सरोद वादक अमजद अली खान, संगीतकार ए आर रहमान और विभिन्न क्षेत्रों की तमाम हस्तियों ने प्रसिद्ध तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन के निधन पर शोक प्रकट कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उन्हें एक ऐसे व्यक्ति के रूप में याद किया, जिन्होंने भारतीय संगीत को वैश्विक मंच पर लोकप्रिय बनाया।

## भारत अगले 30 वर्षों में नवीकरणीय ऊर्जा क्रांति का केंद्र बनेगा : अमेरिकी राजदूत

**नयी दिल्ली :** अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने सोमवार को कहा कि जिस तरह तेज तूफान और जोरदार हवा के बावजूद ताड़ के पेड़ तने रहते हैं ठीक उसी तरह भारत-अमेरिका संबंध फलते-फूलते रहेंगे और दुनिया को लाभान्वित करते रहेंगे। राजदूत ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशेष रूप से नवीकरणीय ऊर्जा के लिए भारत के 'साहसिक लक्ष्यों' की सराहना की और कहा कि अगले 30 वर्ष में भारत इस क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर निर्यात के केंद्र के रूप में उभरेगा। उन्होंने कहा, भारत के महत्वाकांक्षी लक्ष्य और नीतियां इसे न केवल इस देश के लिए, बल्कि दुनिया के लिए लागत पर निर्माण करने में सक्षम बनाने के लिए सौर व पवन क्षमता में अग्रणी बना रही हैं। गार्सेटी ने कहा, मेरे शब्दों पर ध्यान दें, भारत अगले 30 वर्ष में नवीकरणीय ऊर्जा क्रांति का केंद्र बनेगा। निवर्तमान राजदूत अमेरिका-भारत रणनीतिक भागीदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) द्वारा आयोजित दक्षिण एशिया महिला ऊर्जा नेतृत्व शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। राजदूत ने केरल के एक होटल का किस्सा सुनाया, जिसमें उनसे उनके प्रवास के अंत में एक नारियल का पेड़ लगाने का अनुरोध किया गया था। उन्होंने कहा, मैंने पूछा कि इस पेड़ से नारियल आने में कितना समय लगेगा और उन्होंने बताया इसमें लगभग आठ वर्ष लगेंगे।

## 'एक परिवार के हित' में संविधान संशोधन करती रहीं कांग्रेस की सरकारें: सीतारमण



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को अभिव्यक्ति की आजादी से लेकर शाह बानो प्रकरण और आपातकाल से जुड़े विभिन्न संविधान संशोधनों का उल्लेख करते हुए कांग्रेस पर 'एक परिवार के हित' में संविधान में संशोधन करते रहने का आरोप लगाया। 'भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा' विषय पर राज्यसभा में चर्चा की शुरुआत करते हुए सीतारमण ने कहा कि इन संविधान संशोधनों के दौरान कांग्रेस की तत्कालीन सरकारों ने ना तो प्रक्रिया का पालन किया और ना ही संविधान की भावना का कोई सम्मान किया। उन्होंने सहयोगी दलों के दबाव में महिला आरक्षण विधेयक पारित नहीं करने के लिए कांग्रेस को 'महिला विरोधी' भी करार दिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लगभग 50 वर्षों तक पिछली कांग्रेस सरकारों की आर्थिक नीतियों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत नहीं किया। उन्होंने कहा, ''हर बार कांग्रेस ने संविधान में संशोधन किए... केवल परिवार, वंश की मदद करने के लिए ... संविधान में संशोधन करते रहे।'' 42वें संविधान संशोधन और शाहबानो मामले से संबंधित संशोधन समेत विभिन्न संशोधनों का हवाला देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि कोई भी संशोधन आर्थिक और सामाजिक पहलुओं पर खरा नहीं उतरा, इस दौरान उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया और इनमें संवैधानिक भावना का सम्मान भी नहीं किया गया।

## न्यूज अपडेट

### छत्तीसगढ़ : सड़क हादसे में चार महिलाओं समेत सात लोगों की मौत, छह अन्य घायल

**बालोद :** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में एक स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) और ट्रक के बीच हुई टक्कर में सात लोगों की मौत हो गई तथा छह अन्य घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने घटना पर दुख जताया है तथा जिला प्रशासन को घायलों को बेहतर चिकित्सा सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि घटना रविवार देर रात डौंडी थाना क्षेत्र के चोरहापड़ाव गांव के निकट की है जब एक ट्रक ने स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) को टक्कर मार दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया, वाहन और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। एसयूवी में सवार 13 लोगों में से छह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सात अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि पांच महिलाओं और एक बच्चे सहित सात घायलों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए राजनांदगांव जिला अस्पताल भेजा गया। अधिकारियों ने बताया कि बाद में एक घायल ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान दुर्पत प्रजापति (30), वाहन चालक युवराज साहू (30), चार महिलाएं - सुमित्रा बाई कुंभकार (50), मनीषा कुंभकार (35), सगुन बाई कुंभकार (50) और इमला बाई (55) तथा सात वर्षीय बालक जिग्नेश कुंभकार के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

### नेहरू के पत्रों को प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय को लौटा दें सोनिया गांधी: भाजपा

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी से कहा कि उन्हें भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की ओर से विभिन्न हस्तियों को लिखे गए पत्रों को प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय को लौटा देना चाहिए। पार्टी ने कहा कि ऐतिहासिक दस्तावेज देश की संपत्ति होते हैं न कि किसी की निजी संपत्ति। भाजपा सांसद और प्रवक्ता संबित पात्रा ने प्रधानमंत्री संग्रहालय और पुस्तकालय की ओर से लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी से किए गए उस संवाद का हवाला दिया जिसमें कहा गया है कि भारत में अंतिम ब्रिटिश वायसराय की पत्नी एडविना माउंटबेटन और प्रतिष्ठित नेताओं जयप्रकाश नारायण और जगजीवन राम के साथ नेहरू के पत्राचार के रिकॉर्ड पूर्ववर्ती नेहरू म्यूजियम एंड लाइब्रेरी सोसाइटी में थे, जिसने उन्हें 2008 में सोनिया गांधी को लौटा दिया था। नेहरू संग्रहालय का विस्तार सभी प्रधानमंत्रियों के स्मारकों को शामिल करने के लिए किया गया था और केंद्र में भाजपा के सत्ता में आने के बाद इसका नाम बदलकर प्रधानमंत्री संग्रहालय और पुस्तकालय रखा गया था। पात्रा ने संवाददाताओं को बताया कि नेहरू के पत्राचार के 51 बक्से संग्रहालय के तत्कालीन निदेशक की मंजूरी के बाद सोनिया गांधी को दिए गए थे। उन्होंने बताया कि कानूनी राय के बाद पीएमएमएल के 29 सदस्यों में से एक रिजवान कादरी ने हाल में लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी को पत्र लिखकर कागजात संग्रहालय के संरक्षण में बहाल करने में उनकी मदद मांगी है।

### वित्त वर्ष 2023-24 में 57,200 से अधिक रेल यात्रियों को 'विकल्प' योजना का लाभ मिला: सरकार

**नयी दिल्ली :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को संसद में बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 'विकल्प' योजना के तहत 57,200 से अधिक यात्रियों के लिए दूसरी ट्रेन में वैकल्पिक सीट की व्यवस्था की गई। राज्यसभा में एक लिखित सवाल के जवाब में वैष्णव ने कहा, ''प्रतीक्षा सूची वाले यात्रियों को कन्फर्म सीट प्रदान करने और उपलब्ध सीटों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने के लिए वैकल्पिक ट्रेन में सीट उपलब्ध कराने के लिए 'विकल्प' योजना 2016 में शुरू की गई थी।'' उन्होंने कहा, ''विकल्प योजना के तहत वैकल्पिक ट्रेन में उन पात्र यात्रियों को कंफर्म सीट प्रदान की जाती है, जिन्होंने इसका विकल्प चुना है। यह योजना अखिल भारतीय आधार पर भारतीय रेलवे में पहले से ही उपलब्ध है।'' उन्होंने कहा, ''वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान लगभग 57,209 यात्रियों को वैकल्पिक ट्रेन में सीट आवंटित की गई।'' वैष्णव, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सदस्य फौजिया खान की ओर से पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने विकल्प योजना की सफलता दर के बारे में सरकार से सवाल किए थे और साथ ही पूछा था कि उच्च मांग वाले मार्गों में इस योजना के विस्तार की क्या योजना है। रेल मंत्री ने कहा कि आरक्षित श्रेणियों में प्रतीक्षा सूची के टिकट जारी किए जाते हैं ताकि कंफर्म सीट रद्द करने के एवज में खाली होने वाली सीट का उपयोग किया जा सके और रेलवे को मांग पैटर्न का आकलन करने में मदद मिल सके।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहा अत्याचार मानवता के मूल्यों पर गहरा आघात: मुख्यमंत्री धामी



**देहरादून :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को कहा कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचार और हिंसा ने मानवता के मूल्यों पर गहरा आघात किया है। मुख्यमंत्री ने यहां विजय दिवस के मौके पर आयोजित समारोह में 1971 के युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद कहा, जिस बांग्लादेश को पाकिस्तान से आजादी दिलाने के लिए 1971 के युद्ध में भारत के लगभग 3900 जवान शहीद हुए, वही बांग्लादेश अब सांप्रदायिक ताकतों के बहकावे में आकर हमारे देश के खिलाफ अपशब्द बोल रहा है। बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचार और हिंसा ने मानवता के मूल्यों पर गहरा आघात किया है। धामी ने बांग्लादेश के मौजूदा हालात पर चुप्पी साधने वाले लोगों पर तंज कसते हुए कहा कि छोटी-छोटी घटना पर कैंडिल मार्च के साथ ही संसद बाधित करने वाले अब पूरी तरह गायब हैं। उन्होंने कहा, ये कौन लोग हैं, जिन्हें वोट के लिए बांग्लादेश का नरसंहार तक नहीं दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दूसरी तरफ केंद्र सरकार ने अपनी चिंताओं से बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को अवगत करा दिया है। धामी ने कहा, भारत हमेशा से शांति और सहिष्णुता का पक्षधर रहा है लेकिन हमारी सदभावना को हमारी कमजोरी समझने की भूल नहीं की जानी चाहिए। हम अगर 'धूल से फूल' बनाना जानते हैं तो हम 'धूल में मिलाना' भी जानते हैं।

## पंजाब की अलग स्पेलिंग लिखने पर ट्रोल हुए दिलजीत दोसांझ ने कहा, आप लोग नहीं रुकेंगे



**नयी दिल्ली :** पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ ने उस पोस्ट में उन्हें टैग करने के लिए सोमवार को ट्रोलर की आलोचना की, जिसमें उन्होंने पंजाब की स्पेलिंग गलत लिखी थी और भारतीय ध्वज जोड़ना भूल गए थे। दिलजीत ने कहा कि सब कुछ एक साजिश है और अपने विरोधियों को वेल्ला (निष्क्रिय) करार दिया। उन्होंने कहा, अगर किसी ट्वीट में झंडे का जिक्र नहीं है, तो यह एक साजिश है। बेंगलुरु ट्वीट में भी, एक जगह झंडा नहीं था। अगर पंजाब की स्पेलिंग गलत लिखी गई है तो यह साजिश है। स्पेलिंग चाहे जो भी लिखी हो, पंजाब केवल पंजाब ही रहेगा। दिलजीत ने कहा, पंज आब-5 नदियां। उन लोगों को सलाम, जो साजिश को आगे बढ़ाने के लिए विदेशियों की भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। भविष्य में, मैं गुरुमुखी में पंजाब लिखूंगा। आप लोग रुकेंगे नहीं, मुझे पता है। तो लगे रहिए। हमें कितनी बार यह साबित करना होगा कि हम भारत से प्यार करते हैं? कुछ नया करें, क्या आपको मेरे प्रति साजिश रचने का काम सौंपा गया है?'' दिलजीत ने अपनी पिछली पोस्ट के 'स्क्रीनशॉट' भी साझा किए। उनमें से एक पर भारतीय ध्वज के साथ कल चंडीगढ़ पंजाब लिखा हुआ था।

## भारत में शहरी अपशिष्ट जल का 72 प्रतिशत बिना शोधन बहाया जा रहा : रिपोर्ट

**नयी दिल्ली :** भारत में उत्पन्न शहरी अपशिष्ट जल और सीवेज का मात्र 28 प्रतिशत पानी ही शोधित किया जाता है, जबकि शेष जल सीधे नदियों, झीलों और भूमि में प्रवाहित हो जाता है। यह जानकारी थिंकटैंक 'सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट' की एक रिपोर्ट से मिली है। सोमवार को यहां जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि सभी अपशिष्ट जल को उपचारित कर पुनः उपयोग में लाया जाए तो भारत का शहरी जल संकट कम हो सकता है। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) के महानिदेशक राजीव कुमार मित्तल ने कहा, शोधित जल की क्षमता का दोहन किए बिना उसका उपयोग और निपटान करने का मतलब है कि हम एक महत्वपूर्ण संसाधन का उपयोग करने से चूक रहे हैं। चुनौती यह है कि हम इस क्षेत्र में जो काम कर रहे हैं, उसका दायरा बढ़ाएं और सुनिश्चित करें कि उसका प्रभाव हो। सेंटर फॉर साइंस एंड इनवायरमेंट (सीएसई) की महानिदेशक सुनीता नारायण ने कहा कि भारत तेजी से हो रहे शहरीकरण, औद्योगिक विकास, जनसंख्या विस्तार और सबसे महत्वपूर्ण जलवायु परिवर्तन के कारण जल संकट की गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा, अपशिष्ट जल का पुनः उपयोग इन चिंताओं को दूर करने तथा जल चक्रीयता और स्थिरता को बढ़ावा देने की रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हो सकता है।

## उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड, ओडिशा में पारा 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे



**नयी दिल्ली :** राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली जैसे उत्तरी राज्य सोमवार को शीतलहर की चपेट में रहे। जम्मू कश्मीर में जहां तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया, वहीं पूर्वी राज्य ओडिशा के कुछ हिस्सों में पारा 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया। कश्मीर में भीषण शीतलहर जारी रही और न्यूनतम तापमान शून्य से कई डिग्री नीचे रहा। घाटी का सबसे ठंडा स्थान पंपोर नगर के बाहरी इलाके में स्थित कोनीबल रहा, जहां न्यूनतम तापमान शून्य से 6 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। वार्षिक अमरनाथ यात्रा के आधार शिविर पहलगाम में तापमान शून्य से 5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जबकि श्रीनगर शहर में तापमान शून्य से 3.4 डिग्री सेल्सियस नीचे और गुलमर्ग में शून्य से 4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने 26 दिसंबर तक केंद्र शासित प्रदेश में मौसम के मुख्य रूप से शुष्क रहने तथा 21-22 दिसंबर की रात को घाटी के ऊंचे इलाकों में हल्की बर्फबारी की संभावना जताई है। पंजाब और हरियाणा भी कड़ाके की ठंड की चपेट में हैं। फरीदकोट और हिसार में न्यूनतम तापमान 0.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पंजाब और हरियाणा राज्यों की साझा राजधानी चंडीगढ़ में सोमवार को तापमान 26.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य सीमा से तीन डिग्री अधिक है।

## भारतीय रेलवे 101 रेलवे कर्मियों को अति विशिष्ट रेलवे सेवा पुरस्कार से करेंगे सम्मानित

### ✒ भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव करेंगे पुरस्कृत

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय रेलवे द्वारा 101 कर्मचारियों और अधिकारियों को अति विशिष्ट रेलवे सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। नई दिल्ली के भारत मंडपम में 21 दिसंबर को आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा सम्मानित किया जायेगा। चयनित अधिकारियों और कर्मचारियों में से 15 रेल कर्मियों को नवप्रवर्तन, रेलवे की आय बढ़ाने के लिए अति विशिष्ट रेलवे सेवा पुरस्कार देने का निर्णय लिया गया है। स्वदेशी तकनीक का. अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना दूसरों के जीवन और रेलवे संपत्ति की रक्षा के लिए विशेष कदम उठाने के लिए 16 कर्मचारियों और अधिकारियों, रेलवे की आय बढ़ाने और बिना टिकट यात्रा और राजस्व चोरी रोकने के लिए 17 अधिकारियों, 22 कर्मचारियों और अधिकारियों को रेलवे परिचालन, सुरक्षा और सुरक्षा और रेलवे संपत्तियों की बेहतर सुरक्षा के लिए और 16 कर्मचारियों और अधिकारियों को विभिन्न परियोजन-ाओं को रिकॉर्ड समय में पूरा करने के लिए अति विशिष्ट रेलवे सेवा पुरस्कार के लिए चुना गया है। अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार हेतु चयनित कर्मचारी एवं अधिकारियों में सात सेंट्रल रेलवे के, तीन ईस्ट कोस्ट रेलवे के, पांच पूर्व मध्य रेल के, आठ पूर्व रेल के, पांच उत्तर मध्य रेल के, चार उत्तर पूर्व रेल के, दो पूर्वोत्तर रेल के, नॉर्दर्न रेल के 12, उत्तर पश्चिम रेल के चार, दक्षिण मध्य रेल के छः दक्षिण पूर्व मध्य रेल के दो, दक्षिण पूर्व रेल के सात, दक्षिण रेल के आठ, दक्षिण पश्चिम रेल के चार, पश्चिम मध्य रेल के दो, पश्चिम रेल के आठ कर्मचारियों और अधिकारी शामिल हैं। पूर्व रेलवे में, आठ रेलवे कर्मी यानी, जितेंद्र प्रसाद सिंह, लोको पायलट पास/मोटरमैन (इलेक्ट्रिकल), तापस साधुकन, लोको प्लॉट मेल/एक्सप्रेस (इलेक्ट्रिकल), रौशन कुमार, ट्रैक मेंटेनर- खत, उत्पल मंडल, सहायक उप निरीक्षक (कार्यकारी), बालयोगेश्वर प्रसाद, मुख्य वाणिज्यिक निरीक्षक/मुख्य वाणिज्यिक पर्यवेक्षक (सीसीएस), रोहित रंजन, सीनियर डीएमई/सीएंडडब्ल्यू, मोहम्मद नासिर, सीनियर डीएसटीई और हेमंत कुमार, डिप्टी सीई को सराहनीय कार्यों के लिए अति विशिष्ट रेलवे सेवा पुरस्कार-2024 से सम्मानित किया जाएगा और एक कर्मचारी यानी बालयोगेश्वर प्रसाद, मुख्य वाणिज्यिक निरीक्षक/ प्रमुख टिकट कलेक्टर / डिप्टी सीटीआई को कमाई बढ़ाने और टिकट रहित यात्रा, चोरी आदि से निपटने के लिए किए गए विशेष प्रयासों के लिए सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा, तीन कर्मचारी जितेंद्र प्रसाद सिंह, लोको पायलट पास/मोटरमैन (इलेक्ट्रिकल), तापस साधुकन, लोको पायलट मेल/एक्सप्रेस (इलेक्ट्रिकल) और रौशन कुमार, ट्रैक मेंटेनर-खत को व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना भी सराहनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। रोहित रंजन, सीनियर डीएमई/सीएंडडब्ल्यू और मोहम्मद नासिर, सीनियर डीएसटीई को परिचालन, सुरक्षा और सुरक्षा, बेहतर रखरखाव और परिसंपत्तियों के उपयोग में सुधार के लिए किए गए अनुकरणीय कार्यों के लिए रेलवे बोर्ड स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। हेमंत कुमार, उप. रिकॉर्ड समय में परियोजनाओं को पूरा करने आदि के लिए रेलवे बोर्ड स्तर पर सीई को सम्मानित किया गया। भारतीय रेलवे ने चितरंजन लोकोमोटिव वर्क्स के एक कर्मचारी, डीएमडब्ल्यू के एक कर्मचारी, इंटीग्रल कोच फैक्ट्री के एक कर्मचारी, एनएफआरसी के एक कर्मचारी, रेल कोच फैक्ट्री के एक कर्मचारी, आरडीएसओ के एक कर्मचारी, रेल बिल फैक्ट्री के एक कर्मचारी, रेल बिल प्लांट का एक और रेलवे बोर्ड के छह अधिकारी और कर्मचारी को अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है।

## आरेडिका महाप्रबंधक ने किया हेरीटेज पार्क का उद्घाटन



**रायबरेली, समाज्ञा :** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा द्वारा उच्चाधिकारियों की उपस्थिति में हेरीटेज पार्क का उद्घाटन किया गया। महाप्रबंधक ने बताया कि आरेडिका प्रशासन के द्वारा इस हेरीटेज पार्क में रेलवे के कोचों एवं इंजनों के विभिन्न तकनीकीय मॉडलों को संरक्षित करने का कार्य किया जा रहा है जिससे रेलवे की अनमोल विरासतों को संरक्षित किया जा सके साथ ही साथ लोगों को रेलवे की भूली-बिछड़ी यादों से लोगों को जोड़ा जा सके। हेरीटेज पार्क के माध्यम से लोगों को अमूल्य विरासतों के महत्व के प्रति जागरूक करेगा है। इसी के साथ पार्क में लोगों के बैठने तथा घूमने फिरने के लिए हरित घास के मैदान, परिभ्रमण पथ, बच्चों के मनोरंजन के लिए छोटे-2 पुल एवं तालाबों का निर्माण किया गया। आरेडिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के परिवार इस सुन्दर प्राकृति छटा का लुत्फ उठाएंगे। हेरीटेज पार्क के निर्माण होने से आने वाले आगुन्तको को आरेडिका की सकारात्मक छवि की अनुभूति होगी। इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य अभियंता एस पी यादव, प्रधान वित्त सलाहकार श्री बीएल मीना, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता हरीश चन्द्र, और प्रधान मुख्य सुरक्षा अधिकारी रमेश चन्द्र, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा भारती मिश्रा एवं संगठन की सभी सदस्याएं सहित उच्च अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

